मेरठ से प्रकाशित व बुलंदशहर, बागपत मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बिजनौर, गाजियाबाद, हापुड, उत्तराखण्ड, हरियाणा में एक साथ प्रसारित

दैनिक
# सर्वहित भारत

सम्पर्क सूत्र–9837558066

सत्य की खोज



वर्ष –01, अंक –236 | मेरठ, गुरुवार 16 मार्च 2023 | पृष्ठ 08, मूल्य 5/रुपये

## लोकसभा में तीसरे दिन भी हंगामा, कार्यवाही स्थगित

**नयी दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के तीसरे दिन लोकसभा में बुधवार को सत्तापक्ष एवं विपक्ष के सदस्यों के बीच आरोप प्रत्यारोपों को लेकर भारी हंगामा हुआ जिसके कारण प्रश्नकाल और शून्यकाल नहीं चल सका।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सुबह 11 बजे जैसे ही प्रश्नकाल शुरू किया विपक्षी सदस्य नारे लगाते हुए और हाथों पर तख्तियां लेकर आसन के सामने आकर हंगामा करने लगे। जवाब में सत्ता पक्ष की तरफ से भी कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर नारेबाजी होने लगी।

सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों की तरफ से सदन में नारेबाजी के साथ सदन में हंगामा होने लगा तो अध्यक्ष ने सदस्यों से शांत रहने और सदन की मर्यादा का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सदन चर्चा एवं संवाद के लिए वह सभी सदस्यों को इसके लिए पर्याप्त समय देंगे लेकिन इसका दोनों ओर कोई असर नहीं हुआ। श्री बिरला ने विपक्षी सदस्यों को सख्तियां नहीं लहराने की उन्होंने चेतावनी दी लेकिन उनकी बात का सदस्यों पर कोई असर नहीं हुआ। केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भी शोरशराबे के बीच श्री गांधी एवं विपक्ष के आचरण के ऊपर सवाल उठाये लेकिन अध्यक्ष ने कहा कि सदन के भीतर अथवा बाहर संसद के बारे में किसी को टीका टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। श्री बिरला ने सदस्यों से कहा , ÷यह सदन आपका है। तख्तियां लेकर सदन में आना गलत है। प्रश्नकाल के बाद अपने मुद्दे उठाएं इसलिए अपने सीटों पर बैठें। मेरी मंशा है कि सदन चले। आप अपनी अपनी सीटों पर जाकर अपनी बातें रखें। सदन की मर्यादा बनाए रखें और यह सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने अध्यक्ष की बात का हंगामा कर रहे सदस्यों पर कोई असर नहीं हुआ और वे तख्तियां लहराते रहे और नारेबाजी करते रहे।

# तो मोदी भी माफी मांगें, स्मृति के राहुल पर हमले के जवाब में खड़गे का पलटवार

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के दूसरे हिस्से में कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के द्वारा विदेश में दिए गए बयान पर सत्ता पक्ष जमकर हंगामा कर रहा है। बीजेपी ने माफी की मांग की है। 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को हराने वाली केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का कहना है कि पीएम मोदी पर हमला करते-करते राहुल अब भारत पर भी हमला करने लगे हैं। उन्होंने आज बीजेपी दफ्तर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर जो राहुल गांधी की नफरत थी, वह नफरत देश के खिलाफ होने लगी है। स्मृति ईरानी ने कहा, पीएम मोदी को लेकर जो राहुल गांधी की नफरत थी, वही अब देश के खिलाफ होने लगी है। उन्होंने एक ऐसे देश का दौरा करके विदेशी ताकतों को उकसाया है, जिसका इतिहास भारत को गुलाम बनाने का रहा है। भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली पर हमला करते हुए उन्हें इस बात की चिंता अधिक थी कि आखिर क्यों नहीं कोई विदेशी ताकत भारत पर हमला करते हैं।





**स्मृति ने किया जेएनयू वाली घटना का जिक्र**

स्मृति ने आगे कहा, मैं राहुल गांधी से पूछना चाहती हूं कि आपने विदेश में कहा कि आपको भारत में किसी भी विश्वविद्यालय में बोलने की इजाजत नहीं है। अगर ऐसा है तो 2016 में जब भारत तेरे टुकड़े होंगे... वाले नारे लगाए गए तो आपने उसका समर्थन किया था। क्या था वह?

**राहुल से माफी की भी मांग**

केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने विदेशी धरती पर भारत को बदनाम किया है। उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट जैसी संस्थाओं का अपमान किया है। क्या वह भारत के लोकतंत्र का अपमान कर रहे हैं? क्या वह सदन के चेयरमैन का अपमान कर रहे हैं? भारत राहुल गांधी से माफी की मांग कर रहा है।

**राहुल की माफी का सवाल हनी नहीं- खड़गे**

राहुल गांधी से माफी की मांग पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष भड़क गए। उन्होंने कहा, मैं राहुल गांधी से माफी की मांग करने वाले लोगों से एक सवाल पूछना चाहता हूं। पीएम मोदी 5-6 देश गए। हमारे देश के लोंगों को अपमानित किया। उन्होंने कहा कि भारत में जन्म लेना एक पाप है। बोलने के अधिकार को कमजोर किया जा रहा है। सच बोलने वाले लोगों को जेल भेजा जा रहा है। क्या यह लोकतंत्र को खत्म करना नहीं है?

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, इसलिए माफी का सवाल ही नहीं उठता है। हम उन्हें यही कहना चाहेंगे कि आपने कई देशों का दौरा किया और हमारी सभ्यता और हमारे लोगों का अपमान किया। राहुल गांधी ने सिर्फ लोकतंत्र पर बोला।%

## ‘नुक्कड़’ अभिनेता समीर खाखर का निधन, 70 की उम्र में ली आखिरी सांस

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सतीश कौशिक के निधन के बाद अब सिनेमाजगत से एक बुरी खबर सामने आई है। अभिनेता समीर खाखर ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। समीर खाखर ने छोटे छोटे किरदारों से ही दर्शकों के दिलों को जीतने का काम किया था। एक वक्त के बाद समीर ने सिनेमाई दुनिया को अलविदा कह दिया था और अमेरिका शिफ्ट हो गए थे।

**अमेरिका से हुई वापसी**

अमेरिका से आने के बाद फिल्मों के अलावा समीर ने कुछ टीवी शोज में भी काम किया जैसे अदालत और संजीवनी। इसके अलावा ज़ी5 की वेब सीरीज़ सनफ्लॉवर में भी ये नज़र आए। यूट्यूब पर रिलीज़ हुई शॉर्ट फिल्म पुराना प्यार में भी ये दिखे। साल 2020 में ये उस वक्त चर्चाओं में आ गए थे जब ये नवाजुद्दीन सिद्दिकी की फिल्म सीरियस मैन में नज़र आए थे। इस फिल्म में ये एक पॉलिटिशियन बने थे और अपने इस रोल को निभाने में इन्हें बड़ा मज़ा भी आया था।

**समीर का करियर...**



सोशल मीडिया पर समीर खाखर को श्रद्धांजलि दे रहे हैं और दुख जाहिर कर रहे हैं। 70 साल के समीर के निधन से दर्शकों झटका लगा है। समीर खाखर ने साल 1987 में आई फिल्म जवाब हम देंगे से इन्होंने अपना फिल्मी सफर शुरू किया था। इसके अलावा वो मेरा शिकार, शहंशाह, गुरू, नफरत की आंधी, परिंदा, शहज़ादे, वर्दी, अव्वल नंबर, धरती पुत्र और हम हैं कमाल जैसी फिल्मों में वो काम कर चुके थे।

## जमीन के बदले नौकरी मामले में यादव परिवार को कोर्ट से राहत

### लालू के साथ राबड़ी और मीसा को भी जमानत

**नई दिल्ली।** नौकरी के बदले जमीन घोटाले के मामले में लालू यादव, राबड़ी देवी और उनकी बेटी मीसा भारती को बेल मिल गई है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने 50 हजार रुपये के मुचलके पर तीनों को नियमित जमानत दी है। सीबीआई की ओर से लालू और परिवार के सदस्यों को जमानत दिए जाने का विरोध नहीं किया गया। इस मामले में अगली सुनवाई अब 29 मार्च को होनी है। लालू यादव व्हीलचेयर पर राउज एवेन्यू कोर्ट में पेशी के लिए पहुंचे थे। इसके अलावा राबड़ी देवी और मीसा भारती भी पहुंचे थे। इस मामले में सीबीआई ने पिछले दिनों राबड़ी और लालू से पूछताछ भी की थी।



## सांसों पर भी संकट! दुनिया की दूसरी सबसे प्रदूषित राजधानी है नई दिल्ली

**नई दिल्ली।** एक रिपोर्ट के अनुसार देश की राजधानी दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानियों में दूसरे नंबर पर है। दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानियों की लिस्ट में पहले पायदान पर अफ्रीकी देश की चाड की राजधानी अन जामेना रहा। आईक्यू एयर ने मंगलवार को ये रिपोर्ट जारी करते हुए यह जानकारी दी। सबसे प्रदूषित शहरों के मामलों में भी दिल्ली चौथे नंबर पर है। दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों के मामले में पाकिस्तान का शहर लाहौर पहले नंबर पर रहा। सबसे प्रदूषित शहरों के मामले में राजस्थान का भिवाड़ी तीसरे नंबर पर रहा। जारी रिपोर्ट के अनुसार नई दिल्ली को औसत PM2. 89.1 माइक्रोग्राम प्रतिघन मीटर की सांद्रता के साथ दुनिया की दूसरी सबसे अधिक क्षेत्रीय प्रदूषित राजधानी का दर्जा दिया गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस क्षेत्र में पराली जलाना भी एक महत्वपूर्ण चुनौती है, लेकिन यह दिल्ली के साथ उत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों तक ही सीमित है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट की कार्यकारी निदेशक अनुमिता रॉयचौधरी ने कहा, पहली बार, उन्होंने दो अलग-अलग भौगोलिक इकाइयों ङ्क दिल्ली और नई दिल्ली पर विचार किया है। नई दिल्ली बाकी दिल्ली की तुलना में थोड़ी साफ है। लेकिन कुल मिलाकर, दिल्ली के लिए अन्य आकलनों में देखी गई गिरावट के रुझान के अनुरूप ही यह निष्कर्ष निकला है। प्रदूषण स्तर अभी भी बहुत अधिक है और अच्छी हवा के बेंचमार्क को पूरा करने के लिए आक्रामक और समयबद्ध बहु-क्षेत्रीय कार्रवाई की आवश्यकता है। जारी रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में चौथे नंबर पर है। इस सूची में टॉप पांच में भारत के दो शहर शामिल हैं। इस सूची में दिल्ली के अलावा राजस्थान के भिवाड़ी का नाम भी शामिल है।

## चीन और पाकिस्तान के माल ने फिर दिया धोखा, म्यांमार को दिया एयरक्राफ्ट खराब; मेंटनेंस के लिए भेजी टीम

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान और चीन ने मिलकर छ्वस्न-17 कॉम्बेट एयरक्राफ्ट तैयार किया था, जिसे म्यांमार को दिया गया था। यह एयरक्राफ्ट हो गया है, जिसकी मेंटनेंस के लिए पाकिस्तान ने अपनी एक टेक्निकल टीम को भेजा है। एयरक्राफ्ट का खराब होना चीन के अलावा पाकिस्तान के लिए भी झटका है, जो मिलकर हथियारों के निर्यात के मामले में आगे बढ़ना चाहते थे। इस एयरक्राफ्ट को दोनों देशों ने मिलकर तैयार किया था, लेकिन इसका एक्सपोर्ट पूरी तरह पाकिस्तान की ओर से ही किया गया था। तकनीकी खामी के चलते फिलहाल इन विमानों को जमीन पर उतारना पड़ा है।



इकनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक इस बीच म्यांमार एयर फोर्स के अधिकारी भी पाकिस्तान पहुंचे हैं और इन विमानों के मेंटनेंस के बारे में जानकारी ले रहे हैं। चीन और पाकिस्तान ने मिलकर जेएफ-17 नाम से 11 एयरक्राफ्ट तैयार किए थे, जिन्हें म्यांमार भेजा गया था। म्यांमार सरकार की ओर से आंतरिक विद्रोहियों से निपटने के लिए इन लड़ाकू विमानों का आयात किया गया है। हालांकि इनके खराब होने से उसने झटका लगा है। बता दें कि लोकतंत्र समर्थक नेता आंग सान सू की को जेल भेजे जाने और रोहिंग्या संकट के चलते पश्चिमी देशों ने म्यांमार को हथियारों की सप्लाई करने से इनकार कर दिया है।

इसी के चलते म्यांमार का रक्षा संबंधों के मामले में चीन और पाकिस्तान से रिश्ता गहरा हुआ है। हालांकि इन रक्षा संबंधों को पहली ही डील में करारा झटका लगा है। हालांकि पाकिस्तान और चीन की भारत के पूर्वी पड़ोसी के साथ यह दोस्ती चिंता बढ़ाने वाली भी है। बता दें कि श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल समेत भारत के लगभग सभी पड़ोसी देशों के साथ चीन अपने संबंध मजबूत करने की फिराक में रहा है। इसके पीछे चीन की रणनीति भारत को घेरने की रही है। गौरतलब है कि भारत आंग सान सू की जैसी लोकतंत्र समर्थक नेता का हिमायती रहा है।

# बढ़ते तापमान के बीच राहत! IMD ने यहां के लिए जारी की चेतावनी; बारिश के साथ गिरेंगे ओले

**नई दिल्ली।** देश के कुछ हिस्सों में आने वाले दिनों में गरज के साथ बारिश हो सकती है। इसके अलावा ओले पड़ने की भी संभावना है। साथ ही मौसम विभाग ने ये भी बताया कि देश के किन हिस्सों में पारा चढ़ सकता है। आपको विभिन्न राज्यों को लेकर किए गए पूर्वामुमान के बारे में बताते हैं।

**आज कहां होगी बारिश?**

मौसम विभाग ने बताया कि आज उत्तर-पूर्वी राज्यों में गरज और ओलावृष्टि के साथ हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है। कल यानी 16 मार्च को आंतरिक महाराष्ट्र, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

**सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव!**

मौसम विभाग की मानें तो एक नया सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ 16 मार्च को भारतीय क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, बिहार,




**मौसम विभाग ने बताया कि आज उत्तर-पूर्वी राज्यों में गरज और ओलावृष्टि के साथ हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है।**

ओडिशा, पश्चिम बंगाल और झारखंड के आंतरिक भागों में 16 से 18 मार्च तक गरज, बिजली और तेज हवाओं के साथ हल्की/मध्यम बारिश होने की संभावना है।

वहीं, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में 16-18 मार्च के दौरान और पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में 17 और 18 मार्च को बारिश की संभावना है। इसके अलावा दक्षिण छत्तीसगढ़ में 17 मार्च और तटीय आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में 17 और 18 मार्च को भारी वर्षा होने की संभावना है।

**मौसम विभाग की चेतावनी**

कुछ हिस्सों में बारिश और आंधी-तूफान की चेतावनी के चलते मौसम विभाग ने चेतावनी भी जारी की है।

**कहां गिरेंगे ओले?**

इसके साथ ही 16 और 17 मार्च को पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में छिटपुट ओलावृष्टि की संभावना है, जबकि आज और कल मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में ओलावृष्टि के साथ बारिश हो सकती है।

# समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा गांव मथाना में चलाई गई रसोई में प्रतिदिन 550 लोग कर रहे हैं भोजन ग्रहण

## यह रसोई गांव मथाना के लोगों की अपनी रसोई है न कि मेरी रसोई है: संदीप




**सर्वहित भारत**
**पिपली(राकेश कशयप)।** स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग की ओर से गत 28 जनवरी को गांव मथाना में मथाना रसोई खोल दी गई थी। रसोई में पहले दिन से अब तक प्रतिदिन लगभग 550 लोग मात्र पांच रूपए में दोपहर का भरपेट भोजन ग्रहण कर रहे हैं।
मंगलवार को मथाना रसोई का निरीक्षण करने व लोगों के साथ दोपहर का खाना खाने पहुंचे समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि गांव मथाना के लोगों को भी लाडवा, बाबैन व गांव यारी की रसोई की तरह मथाना रसोई से लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मथाना के साथ कहीं लगते गांवों में ईंट के भट्ठे बने हुए हैं। जिस पर काफी ज्यादा संख्या में लेबर काम करते हैं। 28 जनवरी से जो मथाना रसोई चलाई गई है उससे जरूरतमंद लोगों व ग्रामीणों को लाभ मिल रहा है व मात्र पांच रूपए में प्रति व्यक्ति के हिसाब से लोग खाना खा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मथाना के लोगों में भी रसोई का काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह रसोई गांव मथाना के लोगों की अपनी रसोई है न कि मेरी रसोई है। मंगलवार को मथाना रसोई में लगभग 542 लोग दोपहर का भोजन ग्रहण करने पहुंचे। मौके पर नितेश राठी, रविन्द्र सिंह, राजन, अनुज, अश्वनी चोपड़ा, भरत, संजीव कुमार, हितेश, शेर विर्क, जग्गा आदि मौजूद थे।




**सर्वहित भारत**
**एशिया की पहली महिला लोको पायलट सुरेखा यादव ने फिर रचा इतिहास, वंदे भारत एक्सप्रेस को पटरी पर दौड़ाने वाली पहली महिला पायलट बनी**

## अति गम्भीर दिव्यांग बच्चो को वितरण की किट

**सर्वहित भारत**
**राजू चौधरी**



**बुलन्दशहर :** गुलावठी ब्लॉक में पांच अति गंभीर दिव्यांग बच्चों को घर पर शिक्षित करने के लिए होम बेस्ड एजुकेशन किट का वितरण किया गया खंड शिक्षा अधिकारी रिचा शर्मा ने बताया की विकास खंड गुलावटी के विभिन्न गांवों से दस अति गम्भीर दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए उनको घर पर ही शिक्षा की व्यवस्था कराई जा रही है इसी क्रम में विशेष शिक्षक पुष्पेन्द्र नागर, ने गम्भीर दिव्यांग बच्चो की सूची बनाई है जिनमे पांच बच्चों को होम बेस्ड एजुकेशन किट वितरण आज की गई है जिसके माध्यम से गम्भीर दिव्यांग बच्चा भी सरलता पूर्वक शिक्षा की मुख्य धारा से जुड सकता है होम बेस्ड एजुकेशन किट का वितरण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कृष्णा फाउंडेशन से पुनर्वास विशेषज्ञ रोबिन नागर, ने ब्लॉक संसाधन केंद्र बीआरसी पर वितरण की विकास खंड के परिषदीय विद्यालयों में आने वाले सभी दिव्यांग बच्चों को आवश्यक उपकरण समय समय पर उपलब्ध कराए जा रहे है ताकि दिव्यांगत बच्चो की शिक्षा में बाधा न बने दिव्यांग बच्चों को अगर अवसर दिया जाए तो ये बहुत अच्छा कर सकते है ।

## लोगों की आस्था और भावनाओं का प्रतीक है शुक्रतीर्थ: संजीव बालियान

**सर्वहित भारत**
**संवाददाता, कृष्ण कुमार**
**मुजफ्फरनगर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एकमात्र तीर्थ शुकतीर्थ लोगों की आस्था विश्वास भावनाओं का प्रतीक है। यहाँ सभी धर्म जाति के श्रद्धालु गंगा स्नान पर डुबकी लगा अपने पापों का नाश करते हैं।
शुकतीर्थ में बहने वाली बाणगंगा निरंतर दूषित होती जा रही है।
बाणगंगा का जल इतना दूषित है कि उसने मछलियां व जीव जंतु मर रहे हैं। श्रद्धालुओं ने यहाँ स्नान करना तक बंद कर दिया है। बावजूद इसके अभी तक प्रदूषण विभाग को बाणगंगा में प्रदूषित हो रहे जल के स्रोत का पता नहीं लग पाया। मुजफ्फरनगर के क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी अंकित सिंह की माने तो शुकतीर्थ से होकर बह रही बाणगंगा का क्षेत्र उत्तराखण्ड में बह रहा है।
जनपद मुजफ्फरनगर क्षेत्र में कहीं पर भी कोई इंडस्ट्रीज एरिया बाणगंगा व सोलानी नदी के पास नहीं है। उत्तराखंड के लक्सर में इंडस्ट्रीज एरिया है। गंगा यहीं से होकर गुजरती है। हमने वहां जाकर सैंपल लिए है। शुकतीर्थ में भी बाणगंगा के सैंपल लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि गत सोमवार को भी प्रदूषण विभाग की टीम द्वारा बाणगंगा का निरीक्षण किया गया एवं सैंपल लिए गए। लेकिन अभी तक प्रदूषण विभाग के हाथ खाली ही है। दूषित जल का स्रोत कहाँ पर है इसके बारे में अभी कुछ कहा नहीं गया।
हालांकि पिछले तीन-चार दिनों से बाणगंगा में दूषित पानी निरंतर बह रहा है। विभाग के अधिकारियों की मानें तो हर बार की तरह इस बार भी बाणगंगा में उत्तराखंड की तरफ से ही प्रदूषित जा आ रहा है। गत दो साल पहले भी तत्कालीन डीएम सेल्वा कुमारी जे के समय में गंगा का जल दूषित हो गया था, जिसके चलते मछलियां व अन्य जीव जंतु मर कर बाहर आ गए थे। हालांकि केंद्र सरकार की नमामि गंगे योजना कहीं दिखाई नहीं दे रही। लगातार गंगा एवं अन्य नदियों का पानी दूषित होता जा रहा है और इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।



## सदियों तक याद रखा जाएगा यह भात।।

**सर्वहित भारत**
**राजस्थान के हनुमान गढ़ जिले में यह गांव नेठराना। नेठराना वालो सब का मन जीत लिया सबको एक नया संदेश दिया है नेठराना में अद्भुत भात समारोह गाँव की बेटी मीरा हरियाणा में शादीशुदा है । मीरा के पति भी गुजर चुके हैं सिर्फ 2 बेटियां ही है, उनके ना भाई है ना पिता है, अब उसी बेटी की बेटी यानी नेठराना की भांजी की शादी में आज सैंकड़ो ग्रामीणों ने भात भरा। मीरा के पिता जोराराम बहुत पहले ही गुजर चुका था, मीरा भात का न्यौता देने निठराना पहुंची और अपने स्वर्गीय भाई की छोटी सी कुटिया को तिलक निकालकर कुटिया को भात को न्योता देकर अपने ससुराल चली गई। अब ग्रामीणों ने इकट्ठे होकर निर्णय लिया कि भात भरा जाए ग्रामीणों ने सैंकड़ो की संख्या में इकट्ठे होकर लगभग 7 लाख रुपए का नगद भात , अन्य बान कन्या दान कपड़े समेत लगभग 10 लाख रुपए का टोटल भात भरा है जिसकी चर्चा हर ओर है इस भात ने नरसी भात को चरितार्थ किया है**

## किरमच में तालाब प्राधिकरण द्वारा चलाया गया नुक्कड़ नाटक के तहत जागरूकता अभियान।

**सर्वहित भारत**
**कुरुक्षेत्र(राकेश कशयप)।** तालाब प्राधिकरण द्वारा गांव किरमच में जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अमित स्वामी एण्ड पार्टी ने लोगों को अपने तालाबों को स्वच्छ रखने बारे व जनभागीदारी बारे बताया गया।इस प्रोग्राम में मुख्यातिथि के रूप में हरि प्रकाश शर्मा जो कि तालाब प्राधिकरण में सदस्य, तकनीकी सलाहकार हैं ने विस्तार से कहा कि माननीय मुख्यमंत्री ने वर्ष 2018 में प्रदेश में तालाबो की दुर्दशा व गिरते भूजल स्तर के मध्यनजर हरियाणा तालाब प्राधिकरण का गठन किया। प्राधिकरण ने प्रदेश के सभी तालाबों का सर्वे करवाया वो 19418 तालाबों को एरिया, पानी की स्थिति व उपयोग के अनुसार अपने पोर्टल पर अपलोड किया,जो कि कोई भी अपने तालाब बारे जानकारी हासिल कर सकता है। उन्होंने



बताया कि तालाब का सर्वे करवाया जाता है और उसके आधार पर ड्राइंग, बनाई जाती है और उस के अनुसार ही तालाब के सुधारिकरण का काम किया जाता है। जिसमें तालाब का गन्दा पानी निकाल कर गाद निकालना व खुदाइ करना, और 1:3 या 1:5 स्लोप के साथ तटबंध बनाना। तालाब के चारों ओर फुटपाथ बनाना,पेड़ पौधे लगाना तथा घरों से आने वाले गन्दे पानी को उपचारित करके ही तालाब में डालना।
प्राधिकरण ने प्रदेश में लगभग 5400 तालाबों को अगले दो वर्षों में सुधारिकरण की कार्ययोजना बनाई है।
प्रधानमंत्री जी द्वारा भी देश के सभी जिलों में 75 तालाब प्रति जिला के हिसाब से अमत सरोवर योजना में 15-08-2023 तक सुधारिकरण करने हेतु आदेश दिए हैं।
इसके तहत हरियाणा में माडल पोण्ड वह मनरेगा के तहत 2679 तालाबों को लिया गया है।1023 तालाबों पर सुधारिकरण का काम पूरा हो चुका है और लगभग 830 तालाबों पर काम चल रहा है।
तालाबो के सुधारिकरण के बाद अनेक लाभ हुए हैं, जैसे कि:
क्षमता 34% तक बढ़ गई, भूजल रिचारजिंग, आसपास के वातावरण में सुधार, उपचारित पानी का मछ्लीपालन, पशुओं व सिंचाई में उपयोग।
उपस्थित जनसमूह से अपील भी की गई कि अपने तालाबों को स्वच्छ रखें, गन्दगी मत डाले और जनभागीदारी सुनिश्चित करें। इस प्रोग्राम में गांव के सरपंच रणबीर सिंह बूरा, पंचायत विभाग और तालाब प्राधिकरण के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।
सभी ने सरकार के इस कदम की बहुत सराहना की व अपनी जनभागीदारी और तालाबो को स्वच्छ रखने का आश्वासन दिया।बाद में सरपंच ने सभी का धन्यवाद किया।मौके पर समाजसेवी सीता कश्यप भी मौजूद थी।

## एम.एम.एच. कॉलेज और कशिश फाउंडेशन मिलकर करेंगे समाज का सशक्तिकरण

**सर्वहित भारत**
**गाजियाबाद :** महानंद मिशन हरिजन कॉलेज गाजियाबाद और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र मे काम करने वाली संस्था कशिश फाउंडेशन के बीच मे समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) हस्ताक्षर के साथ कई सामाजिक महत्व कि गतिविधियों को आयोजित करने कि योजना पर हुई चर्चा। इस एम.ओ.यू. पर कालिज की तरफ से प्रधानाचार्य प्रोफेसर पीयूष चौहान एव संस्था के डायरेक्टर एडवोकेट श्री कृष्ण जीत नागर ने हस्ताक्षर किए। वही गवाह के रूप मे कालिज के समाज शास्त्र विभाग के शिक्षक डॉ राकेश राणा ने और विधि विभाग कि डॉ अपर्णा मल्होत्रा जी तथा पुस्तकालय विज्ञान विभाग अध्यक्ष डॉ एस बी कुलश्रेष्ठ ने हस्ताक्षर किए।
कालिज के शिक्षक डॉ एस बी कुलश्रेष्ठ ने बताया कि महाविद्यालय कशिश फाउंडेशन के साथ मिलकर अपने सामाजिक योगदान का विस्तार करेगा। इस समझौता ज्ञापन में वर्णित सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण,शिक्षा, सामाजिक शोध और सतत विकास कि दिशा में छात्रों के लिए प्रशिक्षण और



सहयोगात्मक गतिविधियों का आयोजन करेंगी। उनमें विभिन्न कौशलों के विकास हेतु शिक्षण प्रशिक्षण कि व्यवस्था में सहायक बनेगी। विभिन्न सामाजिक गतिविधियों सहित पर्यावरण और जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता के लिए साझेदारी का निरंतर विस्तार करेगा। कशिश फाउंडेशन उ. प्र. में पंजीकृत एक गैर-सरकारी राष्ट्रीय संगठन है, जो मुख्य रूप से सामाजिक कल्याण के साथ साथ समाज के आर्थिक सशक्तिकरण कि दिशा में भी सक्रिय रूप से काम करता है। वही संस्था पर्यावरण संरक्षण और उन्नय के साथ जन जागरूकता में विशेष योगदान करता है। वही महिला सशक्तिकरण,जल सरक्षण, वृद्धाओं के कल्याण और सतत विकास के क्षेत्र में कार्य कर रही है। कशिश फाउंडेशन के डायरेक्टर श्री कृष्ण जीत सिंह नागर ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर करते हुए प्रतिबद्धता जताई कि हम मिलकर पर्यावरण सरक्षण के बारे में व्यापक जागरूकता पैदा करने जैसे जमीनी कार्य तो करेंगे ही साथ ही वर्तमान के सामाजिक-आर्थिक चिंताओं के विषयों पर राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन, संगोष्ठिया, सेमिनार, कार्यशालाएँ, प्रशिक्षण, बैठक आदि जैसे विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों को आयोजित करना होगा। वर्तमान मे पारिवारिक विघटन, हिंसा, बुजुर्गो की उपेक्षा जैसी वैश्विक समस्यायें हमारे सामने है जिसके लिए सरकारी, गैर सरकारी संस्था एव शैक्षिक केंद्रों को मिलकर काम करना होगा। संस्था कि ओर से अपनी इन प्रतिबद्धताओं को दोहराते हुए फाउंडेशन के निदेशक श्री कृष्ण नागर जी ने एम. एम. एच. कॉलेज के प्राचार्य महोदय प्रोफेसर (डॉ) पीयूष चौहान जी को एक लाख रुपए का चैक सौपा। महाविद्यालय परिवार ने संस्था सहित श्री नागर का व्यक्तिगत रूप से भी आभार जताया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर पीयूष चौहान ने इस हस्ताक्षर ज्ञापन पर बहुत खुशी व्यक्त की और उन्होंने कहा कि यह समझोंता साथ मिलकर समाज के लिए कुछ सार्थक करने का मार्ग प्रशस्त करेंगा। इससे हमारे छात्र-छात्रों को दुनिया के सामाजिक मुददों की जानकारी होगी और जमीन पर कुछ कार्य करने का मौका भी मिलेगा। हम संस्था के साथ मिलकर उपरोक्त निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति का प्रयास करेंगे. आज इस समझौता पत्र पर सहमति बनाने में डॉ एस. बी. कुलश्रेष्ठ, डॉ वीरेंद्र सिंह, डॉ गौतम बनर्जी, डॉ उत्तम जी, डॉ रविंद्र यादव जी, डॉ अपर्णा मल्होत्रा, डॉ राकेश राणा, डॉ मनोज कुमार,हरिदत्त शर्मा और आई. क्यू. ए. सी. के कनवीनर डॉ अनिरुद्ध भार्गव जी मौजूद रहे।

## २३ लोगो ने नामंकन पत्र भरे

**थाना भवन:** सहकारी समिति यारपुर के पाँच निर्वाचन क्षेत्र मे नौ डेलीगेट के लिये चुनाव मे २३ लोगो ने नामंकन पत्र भरे थे जाँच मे सभी सही पाये गये वृहस्पतिवार को नाम वापसी का दिन हैसहकारी समिति यारपुर मे डेलीगेट पद के लिये 23 लोगो ने नामंकन पत्र भरे थे बुधवार को जाँच अधिकारी ने सभी नामकन पत्रो की जाँच की सभी नामकन पत्र सही पाये गये वृहस्पतिवार को नाम वापस लेने के पश्चात ही सही स्थिति सामने आयेगी समिति के लिये नौ डेलिकेट चुने जाने है 18 मार्च को चुनाव होगा 19 मार्च को विजयी डेलिगेट सभापति का चुनाव करेगे

## गुमशुदा मुहम्मद मोईन को सकुशल बरामद कर पुलिस ने उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया

थाना भवनः कस्बे के मौहल्ला रेत्ती निवासी एक युवक के काफी दिनों से गायब होने से परिजनों में गम का माहौल बना हुआ था। काफी खोजबीन के बाद जब युवक का कुछ पता नहीं चला तो परिजनों द्वारा किसी अनहोनी के अंदेश से इसकी सूचना पुलिस को दी गई थीं। पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए अभियोग पंजीकृत कर युवक की तलाश में जुट गई थीं। कस्बे के मोहल्ला रेत्ती निवासी गुमशुदा मुहम्मद मुकीम के पिता मोहम्मद इंतजार द्वारा दिनांक 25 जनवरी को थानाभवन पुलिस को सूचना दी गयी कि मेरा लड़का मोहम्मद मोईन उमर 15 वर्ष जो मदरसे में पढ़ने निकला था और वापस नहीं लौटा हम लोगों ने काफी तलाश किया परन्तु कहीं कुछ पता नहीं चला। सूचना पर थानाभवन थाना प्रभारी दिलीप शर्मा द्वारा तत्परता दिखाते हुए टीम गठित कर कस्बा इंचार्ज राघवेंद्र यादव को जिम्मेदारी दी गई कस्बा इंचार्ज ने आस पास के क्षेत्रों व अन्य थाना क्षेत्रों में तलाश करते हुए शामली बस स्टैंड शामली से गुमशुदा मुहम्मद मोईन को सकुशल बरामद कर पुलिस ने उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस के अथक प्रयास से गुमशुदा के मिलने पर परिजनो व कस्बे के गणमान्य नागरिक ने थानाभवन पुलिस का आभार व्यक्त किया।

## लोकतंत्र में साहित्यकारों का योगदान विषयक संगोष्ठी का आयोजन बेरल हाल में किया गया

**राजू चौधरी/ सर्वहित भारत**




**बुलंदशहर**/जिला कृषि, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी, बुलंदशहर महोत्सव के बैरन हॉल में आज लोकतंत्र में साहित्यकारों का योगदान विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें समाज के प्रसिद्ध साहित्यकार, रचनाकार, कवि, लेखक और गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की कार्यक्रम संयोजक कवि राजेश कुमार गोयल ने बताया कि गोष्ठी में हितेश कुमारी पूर्व सिंचाई मंत्री मुख्य अतिथि रही और कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष दीपू गर्ग ने की गोष्ठी में साहित्यकार जगतपाल सिंह, रामवीर सिंह, तेजपाल सिंह, कवियत्री कविता कौशल आदि ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र में साहित्यकारों का अहम योगदान है सामाजिक राजनीतिक रूप में उनका योगदान परिलक्षित होता है लेखकों कवियों पत्रकारों साहित्यकारों ने लोकतंत्र को जीवंत बनाने का कार्य किया है लोकतंत्र के चारों स्तंभों में साहित्य का भी अहम योगदान है लोकतंत्र को जीवंत बनाए रखने के लिए साहित्यकारों ने अपनी रचना एवं कृतियों के माध्यम से आम जनमानस को जागरूक किया है। इस मौके पर साहित्यकार हरि अंगिरा, व्यापार मंडल के जिला संरक्षक अभिषेक अग्रवाल, जिला संगठन मंत्री गौरव गुप्ता, कार्यालय प्रमुख राजेश कुमार, मार्गदर्शक कमल माहेश्वरी, पत्रकार प्रांतीय मंत्री मनोज गुप्ता, पंकज सिरोही, राजीव कुमार, आदि गोष्ठी में सम्मिलित हुए।

## डॉ. वैदिक के निधन पर केजरीवाल ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ संपादक, मातृभाषा हिंदी के प्रबल समर्थक व चिंतक डॉ. वेदप्रताप वैदिक के निधन पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शोक जताया। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि वरिष्ठ पत्रकार एवं विदेश मामलों के प्रख्यात विद्वान वेद प्रताप वैदिक का निधन पत्रकारिता और हिंदी जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे। ऊँ शांति। उल्लेखनीय है कि डॉ. वेदप्रताप वैदिक ने गुरुग्राम (हरियाणा) के सेक्टर-55 स्थित अपने आवास पर सुबह अंतिम सांस ली।

## ग्रेटर नोएडा में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, दो गिरफ्तार, चोरी के लैपटॉप बरामद

**ग्रेटर नोएडा।** थाना बीटा-2 पुलिस और गाड़ियों का शीशा तोड़कर लैपटॉप चोरी करने वाले बदमाशों के बीच सिग्मा-3 के पीछे सर्विस रोड पर बीती रात मुठभेड़ हो गई। जिसमें 2 बदमाश गिरफ्तार किए गए हैं। पकड़े गए बदमाशों में 2 चोर, मिथुन उर्फ मृत्युंजय कुमार पुत्र कामेश्वर निवासी सी16 ओमिक्रॉन प्रथम लाल बिल्डिंग थाना दादरी गौतमबुद्धनगर। दूसरा विशाल उर्फ मोनू पुत्र श्रीलाल महतो निवासी ऐच्छर गौतमबुद्धनगर को गिरफ्तार किया गया है। मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त मिथुन उर्फ मृत्युंजय कुमार पुत्र कामेश्वर गोली लगने से घायल हो गया है। अभियुक्तों के कब्जे से एक फर्जी नम्बर प्लेट लगी चोरी की स्पलैंडर मो.सा., 2 चोरी के लैपटॉप, 2 तमंचे 315 बोर, 2 खोखा कारतूस व 2 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। अभियुक्तगण शातिर किस्म के चोर हैं। जो गाड़ियों के कांच तोड़कर लैपटॉप व मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। इनके द्वारा 1 दर्जन से अधिक लैपटॉप व मोटरसाइकिल चोरी की गई है। अभियुक्तों के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।




## विदेश में नौकरी दिलाने व फर्जी वीजा तैयार करने के नाम पर ठगी, 15 हजार का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना सेक्टर 63 पुलिस द्वारा 15,000 रुपए का इनामी वांछित अभियुक्त तरसेम सिंह पुत्र स्व0 गुरदीप सिंह मूल निवासी ग्राम बलखेडा थाना नानकमाता जिला ऊधमसिंह नगर उत्तराखण्ड हाल निवासी फ्लैट नं0 5 सृष्टि अपार्टमेंट, गांगुली बागन दक्षिण कलकत्ता को कैलाश हॉस्पिटल के पास सेक्टर 71 से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 1 लेपटॉप, 2 मोबाइल फोन व विदेशी करेंसी बरामद हुई है। पुलिस ने जानकारी दी है की अभियुक्त अपने साथियों के साथ मिलकर सीधे-साधे लोगों को बहकावे में लेकर विदेश में नौकरी दिलाने के नाम एवं फर्जी वीजा तैयार कर ठगी करके पैसा वसूल करने का कार्य करते थे। अभियुक्त के अन्य साथी पूर्व में ही जेल भेजे जा चुके हैं। अभियुक्त भेष बदलकर अलग-अलग स्थानों पर अपराध करता था। कोलकाता, पश्चिम बंगाल, पंजाब, उधम सिंह नगर, दिल्ली, नोएडा सभी स्थानों पर रहकर लोगों को विदेश भेजकर नौकरी लगवाने के नाम से पासपोर्ट लेकर नकली वीजा बनवाने का काम पकड़ा गया अभियुक्त करता था और ये सभी मामले में मास्टरमाइंड भी था।



## गाजियाबाद में ज्वेलरी शोरूम में डकैती का प्रयास करने वाला 25 हजार का इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार


**गाजियाबाद।** पुलिस ने ज्वेलर्स जय कुमार वर्मा के शोरूम में 21 फरवरी को डकैती का प्रयास करने वाले 25 हजार के इनामी डकैत को बुधवार को एक मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। उसका साथी फरार हो गया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। एसीपी मुरादनगर ने बताया कि सूचना मिली कि मैनापुर रोड पर मोटरसाइकिल पर कुछ बदमाश जा रहे हैं। पुलिस ने वहां पर चेकिंग शुरू कर दी। सभी एक मोटरसाइकिल पर करते दिखाई दिए जिन्हें पुलिस ने रुकने का इशारा किया।

यह लोग रुके नहीं और पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने लगे। पुलिस ने कुछ ही दूरी पर जाकर दोनों को घेर लिया। इस पर एक बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की जिसमें एक बदमाश घायल होकर गिर पड़ा और उसे दबोच लिया। इस दौरान उसका साथी फरार हो गया। गिरफ्तार बदमाश का नाम आयूष त्यागी उर्फ नवाब है। यह कारमल नगर म.न.-06 माउंट कारमल स्कूल के पास कस्बा व थाना मुरादनगर का निवासी है। उसका साथी अभियुक्त बादल वर्मा पुत्र जितेन्द्र वर्मा अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गया। उसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल व तमंचा बरामद हुआ है।

## डीएमआरसी ने रील व शॉर्ट वीडियों न बनाने की लोगों से की अपील

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो ने लोगों से अपील की है कि सफर के दौरान इंस्टा रील्स या शॉर्ट वीडियो नहीं बनाएं। ऐसे कई लोग और वीडियो कंटेंट क्रिएटर्स हैं जो मेट्रो में सफर के दौरान रील या अन्य शार्ट वीडियो बनाते हैं। इससे बाकि लोगों को परेशानी होती है। हाल ही में डीएमआरसी ने दिल्ली मेट्रो में सफर करने और रील बनाने वालों को चेतावनी दी है। डीएमआरसी ने ट्वीट कर कहा है कि दिल्ली मेट्रो में यात्रा के दौरान कोई भी वीडियो रिकॉर्ड न करें।

दिल्ली मेट्रो ने ट्वीट कर कहा है कि 'यात्रा करें, परेशानी पैदा न करें' साथ ही एक फोटो शेयर की है जिसमे लिखा है कि दिल्ली मेट्रो में पैसेंजर बनो, परेशानी नहीं। इस पर आगे लिखा है कि दिल्ली मेट्रो के अंदर रील, डांस वीडियो या ऐसी कोई भी वीडियो रिकॉर्ड करना सख्त मना है। इससे यात्रियों को परेशानी हो सकती है।




## गाजियाबाद में कन्हैया मित्तल की गाड़ी में मारी टक्कर, फाड़ा टायर, विरोध में चालक को पीटा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के भोपुरा कुटी में एक धार्मिक कार्यक्रम में पहुंचे भजन गायक कन्हैया मित्तल की मर्सिडीज गाड़ी में चार युवकों ने थार कार से जोरदार टक्कर मार दी। इस बीच गाड़ी का टायर फट गया। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके चालक नरेंद्र को भी पीटा। सूचना मिलने पर कार्यक्रम में मौजूद लोग इकट्ठा हो गए। उन्होंने घेरा बनाकर भजन गायक की सुरक्षा की। डायल-112 के पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंचे थे। आयोजकों ने मामले में पुलिस को लिखित शिकायत नहीं दी है। भोपुरा निवासी और धार्मिक कार्यक्रम के आयोजक शंभू ने बताया कि उनका कार्यक्रम होना था। भजन गायक कन्हैया मित्तल अपनी मर्सिडीज गाड़ी लेकर यहां पहुंचे थे। उनकी गाड़ी कार्यक्रम स्थल से 100 मीटर दूर खड़ी थी। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे भक्तों को काफी देर तक अपने भजनों से मंत्रमुग्ध किया। इसका वीडियो नोएडा में पहुंचे सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने अपने कैमरे में कैद कर लिया। जो अब सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है। मगर जब वह कार्यक्रम खत्म कर गाड़ी में बैठकर आगे बढ़ने लगे तो पीछे से थार गाड़ी में सवार चार युवकों ने तेज स्पीड में टक्कर मार दी। इससे गाड़ी को काफी नुकसान हुआ और अचानक से टायर भी फट गया। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने घेरा बनाकर भजन गायक की गाड़ी का टायर बदलवाया।

इससे माहौल गर्मा गया। धार्मिक कार्यक्रम के आयोजक शम्भू ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर तमाम लोग इकट्ठा हो गए थे। मौके पर डायल-112 के पुलिसकर्मी भ पहुंचे थे। उन्होंने मामले को पुलिस को लिखित शिकायत नहीं दी। एसीपी साहिबाबाद भास्कर वर्मा का कहना है कि घटना की लिखित शिकायत नहीं मिली है। मामले में शिकायत आने पर जांच कर आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।



## उर्जा मंत्री ने डिस्कॉम और बिजली विभाग के साथ की समीक्षा बैठक की

**नई दिल्ली।** बिजली मंत्री आतिशी ने पीक सीजन के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए 'समर एक्शन प्लान' की समीक्षा की। बिजली विभाग और डिस्कॉम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक हाई स्टेक मीटिंग आयोजित की गई जहां अधिकारियों ने बिजली मंत्री आतिशी को आगामी गर्मी के मौसम के लिए बिना किसी पॉवर कट के बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की उनकी तैयारी के बारे में जानकारी दी। एक्शन प्लान की समीक्षा करते हुए बिजली मंत्री आतिशी ने कहा, दिल्ली के लोगों को 24×7 बिजली उपलब्ध करवाना मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी की गारंटी और दिल्ली सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि, गर्मी के मौसम में पीक डिमांड के दौरान भी लोगों को बिना पॉवर कट के बिजली मिलती रहे इसके लिए दिल्ली सरकार पूरी तरह से तैयार है। बैठक में अधिकारीयों ने बिजली मंत्री को बताया कि, पिछले साल गर्मियों में दिल्ली में बिजली की सर्वाधिक मांग 7695 मेगावाट थी और बिना किसी पॉवर कट के बिजली विभाग इस अत्यधिक मांग को पूरा करने में सक्षम रही। इस साल पीक पॉवर डिमांड 8100 मेगावाट तक पहुंच सकती है, लेकिन हम आगामी गर्मियों में बढ़ने वाली बिजली की मांग को पूरा करने के लिए तैयार है।

इस मौके पर उर्जा मंत्री आतिशी ने कहा कि,मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल जी के नेतृत्व में दिल्ली सरकार देश की पहली ऐसी सरकार है जिसने अपने नागरिकों में यह विश्वास पैदा किया है कि उन्हें बिना किसी पॉवर कट के 24×7 बिजली मिल सकती है और हम आने वाले समय में भी बिजली की मांग बढ़ने के बावजूद लोगों के इस विश्वास को टूटने नहीं देंगे और दिल्ली वासियों को निर्बाध बिजली मिलती रहे।

उर्जा मंत्री ने अधिकारीयों को निर्देश दिए कि मांग के अनुसार सभी डिसकॉम बिजली कंपनियों के साथ अतिरिक्त बिजली टाई-अप कर के रखे। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि पॉवर सब-स्टेशनों की मेन्टेनेंस की जाए, जहां जरुरत है सब-स्टेशन को अपग्रेड किया जाए व बिजली की लाइनों और तारों की जरुरी मेन्टेनेंस भी की जाए ताकि पीक टाइम के दौरान किसी प्रकार भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।




## पीडब्ल्यूडी मंत्री ने चिराग दिल्ली फ्लाईओवर पर ट्रैफिक जाम पर अधिकारियों के साथ की बैठक

**नई दिल्ली।** पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने चिराग दिल्ली फ्लाईओवर पर मेन्टेनेंस के कार्य के कारण लग रहे ट्रैफिक पर तुरंत संज्ञान लेते हुए पीडब्ल्यूडी के अधिकारीयों के साथ बैठक की।

बैठक में पीडब्ल्यूडी में अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द चिराग दिल्ली फ्लाईओवर से जाम को कम करने के वैकल्पिक तरीकों की पहचान करें और फ्लाईओवर के मेंटेनेंस का कार्य एक महीने के भीतर पूरा करें। पीडब्ल्यूडी मंत्री स्वयं फ्लाईओवर के मेंटेनेंस कार्य के प्रगति की समीक्षा करेंगी। इस बाबत उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उन्हें रोजाना रिपोर्ट उपलब्ध करवाई जाए। पीडब्ल्यूडी दिल्ली समय-समय पर जरुरत के अनुसार फ्लाईओवरों के मेन्टेनेंस का कार्य करती है। इसी दिशा में वर्तमान में चिराग दिल्ली फ्लाईओवर के मेन्टेनेंस का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर फ्लाईओवर के एक हिस्से को बंद किया गया है। इस कारण उसपर ट्रैफिक बढ़ गया है। पीडब्ल्यूडी के अनुसार मेन्टेनेंस का कार्य पूरा करने में 50 दिन का समय लगेगा, लेकिन पीडब्ल्यूडी मंत्री ने अधिकारीयों को निर्देश दिए है कि मेन्टेनेंस के काम को दोगुनी रफ्तार से करते हुए उसे महीने भर के भीतर पूरा किया जाए। पीडब्ल्यूडी मंत्री स्वयं रोजाना फ्लाईओवर के मेंटेनेंस कार्य के प्रगति की समीक्षा करेंगी ताकि मेन्टेनेंस का कार्य समय के साथ पूरा हो सकें और लोगों को समस्या का सामना न करना पड़े।

*बैठक में पीडब्ल्यूडी में अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द चिराग दिल्ली फ्लाईओवर से जाम को कम करने के वैकल्पिक तरीकों की पहचान करें और फ्लाईओवर के मेंटेनेंस का कार्य एक महीने के भीतर पूरा करें। पीडब्ल्यूडी मंत्री स्वयं फ्लाईओवर के मेंटेनेंस कार्य के प्रगति की समीक्षा करेंगी।*

चिराग दिल्ली फ्लाईओवर से गुजरने वाले वाहनों के लिए वैकल्पिक रूट

आईआईटी की तरफ से ग्रेटर कैलाश या नेहरू प्लेस जाने के लिए

- पंचशील फ्लाईओवर के नीचे से लेफ्ट टर्न लेकर अगस्त क्रांति मार्ग पर जाएं। रिंग रोड पर राइट टर्न लेने के बाद आगे मूलचंद से लाला लाजपत राय मार्ग होते हुए जीके या नेहरू प्लेस जाएं।
- आईआईटी फ्लाईओवर से अरविंदो मार्ग होते हुए एम्स जाएं। वहां से रिंग रोड के रास्ते मूलचंद पहुंचे और रेडलाइट से राइट टर्न लेकर लाला लाजपत राय मार्ग से होते हुए नेहरू प्लेस या ग्रेटर कैलाश की तरफ जाएं।

नेहरू प्लेस से एम्स या डिफेंस कॉलोनी जाने के लिए

- नेहरू प्लेस से आईआईटी, एम्स, धौला कुआं या डिफेंस कॉलोनी जा रहे लोग नेहरू प्लेस फ्लाईओवर के नीचे से ही राइट टर्न लेकर लाला लाजपत राय मार्ग पर जाएं और वहां से मूलचंद होते हुए डिफेंस कॉलोनी पहुंचे।
- मूलचंद की रेडलाइट से लेफ्ट टर्न लेकर रिंग रोड के रास्ते एम्स और धौला कुआं की तरफ जाएं। एम्स से अरविंदो मार्ग पर राइट टर्न लेकर हौज खास या आईआईटी की तरफ जा सकते हैं।

## नोएडा में महिला दरोगा ही थाने में सुरक्षित नहीं, कोतवाल ने किया अभद्र व्यवहार, दोनों को किया गया लाइन हाज़िर

**नोएडा-** जनपद में पुलिस कमिश्नर के पद पर एक सख्त महिला अधिकारी की तैनाती के बावजूद भी नोएडा में महिला, और वह भी पुलिस की अफसर शायद सुरक्षित नहीं है। एक महिला उप निरीक्षक ने अपने कोतवाल पर अभद्र व्यवहार और छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। महिला उप निरीक्षक ने लिखित शिकायत दी है, जिसके बाद मामले की जांच शुरू करा दी गई है, इसी बीच उत्तर प्रदेश महिला आयोग ने भी मामले का संज्ञान लिया है और जल्द नोटिस जारी करने की बात कही है। पुलिस आयुक्त ने भी मामले की जांच के लिए टीम गठित कर दी है। फिलहाल जांच पूरी होने तक थाना प्रभारी और महिला उपनिरीक्षक दोनों को ही लाइन हाज़िर कर दिया गया है। मामला नोएडा के थाना फेस-2 का है। फेस टू में विनोद कुमार कोतवाल के पद पर तैनात है, थाने की महिला उपनिरीक्षक ने वरिष्ठ अधिकारियों को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि 8 मार्च को होली के दिन थाना प्रभारी विनोद कुमार ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया है। महिला उपनिरीक्षक ने बताया कि उसकी ड्यूटी ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी में लगी हुई थी लेकिन थाना प्रभारी ने अपनी गाड़ी में लगा दी और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। उप निरीक्षक ने आरोप लगाया है कि कोतवाल ने होली पर भी उन्हें गलत ढंग से छुआ था और उन्हें जबरदस्ती व्हाट्सअप मैसेज भी भेजे है। इस मामले में थाना प्रभारी विनोद कुमार ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उन्होंने ऐसा कोई दुर्व्यवहार नहीं किया है, थाना प्रभारी ने कहा कि ड्यूटी को लेकर कुछ कहासुनी जरूर हुई थी पर अभद्र व्यवहार नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच हो रही है, सच्चाई सामने आ जाएगी। इसी बीच राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष विमला बाथम ने इस मामले का संज्ञान ले लिया है। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि थाना प्रभारी ने महिला उपनिरीक्षक के साथ कुछ तो गलत किया है जिसकी महिला आयोग जांच कराएगा।

इसी बीच नोएडा पुलिस आयुक्त के मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि 11 मार्च को अपर पुलिस आयुक्त सेंट्रल नोएडा द्वारा थाना फेस-2 में निरीक्षक और उप निरीक्षक स्तर के अधिकारियों का अर्दली रूम लिया गया था, शिकायत करने वाली महिला उपनिरीक्षक के अभिलेख व विवेचना रजिस्टर पूर्ण नहीं थे जिससे वह बिना बताए अर्दली रूम से निकल कर चली गई थी,जिस के संबंध में थाना प्रभारी फेस-2 द्वारा गैर हाजरी तस्करा जीडी में अंकित कराया गया था। उन्होंने बताया कि महिला उपनिरीक्षक ने थाना प्रभारी के विरुद्ध डीसीपी महिला सुरक्षा को एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है, जिसकी जांच डीसीपी महिला सुरक्षा के पर्यवेक्षण में एसीपी महिला सुरक्षा के द्वारा तथ्यों के आधार पर की जा रही है। उन्होंने बताया कि उक्त प्रकरण में पुलिस आयुक्त द्वारा विशाखा गाइडलाइन के निर्देशों के क्रम में तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन कर दिया गया है, जिसमें 1 महिला सदस्य बाहर से भी है। उन्होंने बताया कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच करके ही आगे कार्रवाई की जाएगी।



## नोएडा में सैकड़ों की संख्या में किसानों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर बोला हल्ला

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर सैकड़ों की संख्या में किसानों ने प्रदर्शन किया। लेकिन सीईओ ऋतु महेश्वरी से मुलाकात नहीं हो पाई। किसानों को बिना न्याय मिले ही वापस लौटना पड़ा। किसानों को 23 मार्च शाम चार बजे का सीईओ से मुलाकात का समय दिया गया है।

किसानों ने पुलिस द्वारा लगाए गए बेरिकेट्स को हटाते हुए प्राधिकरण के गेट नंबर 1 को बंद कर धरने पर बैठ गए। न्याय न मिलने पर किसानों द्वारा आगे की रणनीति बनाई गई जिसकी शुरुआत किसान दादरी विधायक का घेराव कर शुरू करेंगे। किसानों ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा उनका शोषण किया जा रहा है।उन्होंने प्राधिकरण पर वादाखिलाफी करने, किसानों की समस्याओं की उपेक्षा करने, 10 प्रतिशत आबादी प्लॉट, रोजगार, आबादी, 17.5 परसेंट किसान कोटा, 6 प्रतिशत आबादी प्लॉट का प्रावधान खत्म किया जाना और अन्य मुद्दों पर आक्रोश प्रकट किया। किसानों ने बताया कि उन्हें उक्त समस्याओं पर सीईओ ऋतु महेश्वरी से बातचीत करने के लिए 23 मार्च शाम 4 बजे का समय दिया गया है।किसानों ने प्राधिकरण के ओएसडी रजनीकांत को ज्ञापन सौंपा है। जिसका संज्ञान लेते हुए सभी उपस्थित किसानों ने निर्णय लिया कि इस संबंध में जनप्रतिनिधियों का घेराव किया जाए। 15 मार्च को दादरी विधायक का घेराव करेंगे। 17 मार्च को मुख्यमंत्री के जनपद आगमन के संबंध में किसानों की ओर से किसानों की समस्याओं पर चर्चा का समय मांग रहे हैं किसान।

*न्याय न मिलने पर किसानों द्वारा आगे की रणनीति बनाई गई जिसकी शुरुआत किसान दादरी विधायक का घेराव कर शुरू करेंगे। किसानों ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा उनका शोषण किया जा रहा है।*



## दिल्ली टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के शिक्षक संगठन 'अकेडमिक फॉर एक्शन एंड डेवलपमेंट दिल्ली टीचर्स एसोसिएशन' के प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षा मंत्री आतिशी से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षा मंत्री को दिल्ली सरकार द्वारा वित्तपोषित कॉलेजों में उपकुलपति द्वारा गवर्निंग बॉडी के गठन की प्रक्रिया को ठन्डे बस्ते में डालने और फुल फ्लेजड गवर्निंग बॉडी न होने की स्थिति में इन कॉलेजों में उत्पन्न हो रही प्रशासनिक अव्यवस्थाओं से अवगत करवाया।

बैठक में विधायक संजीव झा भी उपस्थित रहे। इस मौके पर एएडीटीए के अध्यक्ष प्रो. आदित्य नारायण मिश्रा ने कहा कि, डीयू के कुलपति लोकतांत्रिक तरीके से लिए गए फैसलों की अवमानना कर रहे है। दिल्ली सरकार द्वारा वित्तपोषित कॉलेजों में गवर्निंग बॉडीज के बगैर किसी भी व्यक्ति का अपॉइंटमेंट पूरी तरह गैर-कानूनी है। उपकुलपति के इशारे दिल्ली सरकार द्वारा वित्त पोषित कॉलेजों में एडहॉक शिक्षकों को समायोजित करने के बजाय प्रिंसिपल अपनी मनमानी थोप रहे हैं। कॉलेजों में प्रिंसिपल अपॉइंटमेंट्स व एडॉहक टीचर्स को परमानेंट कराने की जिम्मेदारी गवर्निंग बॉडी की होती है न की उपकुलपति की, ये पूरी तरह राजनीति से प्रेरित कदम है। बैठक में एएडीटीए के अध्यक्ष प्रो. आदित्य नारायण मिश्रा ने बताया कि दिल्ली सरकार के वित्तपोषित कॉलेजों में गवर्निंग बॉडी के गठन के लिए नामांकित लोगों की सूची उपकुलपति कार्यालय को भेजे महीने भर से ज्यादा हो चूका है बावजूद इसके उपकुलपति द्वारा इसमें जानबूझकर देरी की जा रही है। दिल्ली सरकार द्वारा 28 जनवरी को ही उपकुलपति कार्यालय को ये लिस्ट भेजी जा चुकी थी तथा इस बाबत तत्कालीन उपमुख्यमंत्री द्वारा उपकुलपति को 21 फरवरी 2023 को एक रिमाइंडर भी भेजा गया था, लेकिन इतना समय बीतने के बावजूद इस प्रक्रिया को उपकुलपति ने ठन्डे बस्ते में डाल रखा है, ये पूरी तरह राजनीति से प्रेरित है तथा इससे इन कॉलेजों में बहुत सी प्रशासनिक दिक्कतें आ रही है। वहीं दिल्ली सरकार चाहती है कि इन 28 कॉलेजों में गवर्निंग बॉडी के गठन के बिना कोई साक्षात्कार नहीं होना चाहिए क्योंकि दिल्ली सरकार की मंशा ऐसे सिस्टम का निर्माण करना है जिससे मौजूदा एडहॉक शिक्षकों के एब्सोर्पशन को प्राथमिकता दी जाए।




## नोएडा पुलिस की 'गोपनीय रिपोर्ट' पर 2 थाना प्रभारियों पर गिरी गाज, बाकी में भी मचा हड़कंप

**नोएडा।** जिले में लंबे समय से तैनात पुलिस अधिकारियों पर गोपनीय रिपोर्ट के आधार पर गाज गिरनी शुरू हो गई है,दो थाना प्रभारियों को गैर जिला स्थानांतरित कर दिया गया है, बाकी के खिलाफ भी जल्द आदेश आने की संभावना है, जिसे लेकर नोएडा में पुलिसकर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है।

गौतमबुद्ध नगर में करीब 42 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह द्वारा एक गोपनीय रिपोर्ट शासन को भेजे जाने की चर्चा है। बताया जाता है कि इस रिपोर्ट में कई निरीक्षक, उपनिरीक्षक और कई अन्य अधिकारी व कर्मचारी शामिल हैं।जिनके बारे में लिखा गया है कि यहां पर अपराधियों से सांठगांठ कर अपराधी तत्वों को बढ़ावा दे रहे हैं और पुलिस की गोपनीयता को भंग कर रहे हैं, कुछ पर अपराधियों के साथ सीधी सांठगांठ के आरोप हैं तो कुछ पर गोपनीय सूचनाएं लीक करने के आरोप है। प्रदेश सरकार द्वारा पुलिस आयुक्त द्वारा भेजी गई रिपोर्ट पर गंभीरता से विचार कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जनपद से अब तक 2 पुलिस अधिकारियों को स्थानांतरित कर दिया गया है और बाकी के बारे में भी जल्द ही आदेश आने की संभावना है।

अभी तक जिन पुलिस अधिकारियों को गैर जिला स्थानांतरित किया गया है उनमें दादरी के थाना प्रभारी उमेश बहादुर सिंह और सेक्टर 58 के थाना प्रभारी विवेक त्रिवेदी शामिल है। प्रदेश के अपर पुलिस अधीक्षक स्थापना राहुल मिश्रा द्वारा जारी किए गए आदेश के अनुसार उमेश बहादुर सिंह को आजमगढ़ और विवेक त्रिवेदी को गोंडा स्थानांतरित किया गया है, इन दोनों थाना प्रभारियों के तबादले के बाद सूची में संभावित बाकी पुलिसकर्मियों में भी हड़कंप मच गया है।



प्रदेश सरकार द्वारा पुलिस आयुक्त द्वारा भेजी गई रिपोर्ट पर गंभीरता से विचार कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जनपद से अब तक 2 पुलिस अधिकारियों को स्थानांतरित कर दिया गया है और बाकी के बारे में भी जल्द ही आदेश आने की संभावना है।

# संपादकीय

## सचमुच नाचा देश

आरआरआर फिल्म के विश्वविख्यात गाने 'नाटू-नाटू' यानी 'नाचो-नाचो' की कामयाबी पर सचमुच पूरा देश खुशी से झूम उठा है। ऐसा पहली बार हुआ कि भारतीय परिवेश, जीवन दर्शन और संगीत पर आधारित दो प्रविष्टियों को अकादमी अवाड्र्स की दो श्रेणियों में ऑस्कर अवॉर्ड मिले हों। जहां 'नाटू-नाटू' को ओरिजनल सॉन्ग की श्रेणी में ऑस्कर पुरस्कार मिला, वहीं कार्तिकेय गोंजाल्विस व गुनीत मोंगा की डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' को सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री श्रेणी में यह सम्मान मिला। जब भी किसी रचना को शिखर की सफलता मिलती है तो निस्संदेह उसकी गुणवत्ता भी उस स्तर की रही होगी। जहां पूरी दुनिया की प्रतिभाएं मुकाबले में होती हैं। फिर ऐसी किसी रचना की अंतर्राष्ट्रीय स्वीकार्यता का प्रश्न भी होता है। विकसित देश तकनीक, सुविधा और संसाधनों के मुकाबले में हमसे कहीं आगे हैं। ऐसे में उनके घर में उनकी प्रविष्टियों को पीछे छोड़ना निस्संदेह बड़ी चुनौती होती है। आज पूरी दुनिया यदि 'नाटू-नाटू' पर झूम रही है तो उसके मूल में फिल्म के डायरेक्टर एस.एस. राजामौली की दृष्टि और तपस्या भी है। सही मायनों में यह उम्दा निदेशक, गीतकार, संगीतकार और कलाकारों की त्रुटिरहित जुगलबंदी का ही नतीजा है कि एक उत्कृष्ट गीत सामने आया। दरअसल, दक्षिण भारत के चर्चित अभिनेता एनटीआर जूनियर व रामचरण के उम्दा डांस, निदेशक राजामौली की पारखी-सधी दृष्टि,संगीत निदेशक एम.एम. किरावानी और गीतकार चंद्रबोस की मौलिक प्रतिभा ने यह इतिहास रचा है। यूं तो इस गाने ने पहले भी कई अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार जीते हैं, लेकिन ऑस्कर के मायने बड़े हैं। जब दुनिया ने गीत को ओरिजनल माना तो उसमें जरूर ऐसा दमखम रहा होगा। मौलिक गाने का मानक होता है कि गाने की धुन, विषय व अर्थ पर किसी अन्य गाने का प्रभाव न हो। दक्षिण के दो बेहतरीन डांसर एनटीआर व रामचरण की जुगलबंदी ने इस गाने की स्वीकार्यता को नई ऊंचाई दी। वे मौलिक रचना व हृदयस्पर्शी धुन को उस स्तर तक ले गये, जहां इसे सुनकर हर कोई वाह-वाह कहने को बाध्य हो जाये।

दरअसल, इन कलाकारों ने गीतकार चंद्रबोस के शब्दों, किरावानी के संगीत तथा राजामौली की सोच को वो ऊंचाई दे दी कि पूरी दुनिया 'नाटू-नाटू' करने लगी। वहीं इस गीत में वर्ष 1920 के तेलंगाना व आंध्रप्रदेश के उस परिवेश व तेवर को भी जीवंत किया गया जो फिरंगियों से दो-दो हाथ कर रहा था। दरअसल, तमाम बदलावों, रिटेक, पुनर्लेखन के बाद और पसीना बहाकर यह उपब्लधि हकीकत बनी। सोमवार की सुबह जिस दूसरी कामयाबी से भारतीय आह्लादित हुए वह थी 'द एलीफेंट व्हिसपर्स' का पहली बार देश की तरफ से किसी डॉक्यूमेंट्री के लिये ऑस्कर का जीतना। सर्वोत्तम डॉक्यूमेंट्री का पुरस्कार जीतने वाली इस कृति के मुकाबले में कई चर्चित डॉक्यूमेंट्री थीं। लेकिन प्रकृति व जीवों के सहअस्तित्व की भारतीय अवधारणा को चित्रित करने वाली 'द एलीफेंट व्हिसपर्स' ने कामयाबी की नई इबारत लिखी। दरअसल,यह डॉक्यूमेंट्री एक ऐसे भारतीय दंपति बोम्मन व बेल्ली की मार्मिक कहानी पर आधारित है जो एक मरणासन्न हाथी के बच्चे को नया जीवन देकर उसे अपने बच्चे की तरह पालते हैं। तमिलनाडु के एक टाइगर रिजर्व में रहने वाले कट्टूनायकन समुदाय के इस दंपति द्वारा वन्यजीवों के संरक्षण व पोषण का हृदयस्पर्शी चित्रण पूरी दुनिया को भाया है। पहले मिले रघु हाथी के बाद कई अन्य हाथी के बच्चों को अपने बच्चों की तरह पालकर इस दंपति ने नया जीवन दिया। उनके प्रयासों को पांच साल तक देखने के बाद कार्तिकी गोंजाल्विस ने दो साल शूटिंग करके यह फिल्म बनायी। दरअसल, मनुष्य व जंगली जानवरों के रिश्तों को मार्मिकता के साथ प्रस्तुत करने के कारण यह एक उम्दा डॉक्यूमेंट्री बन पायी। निस्संदेह, फिल्म इंसान व जीवों के सह-अस्तित्व का महत्वपूर्ण संदेश देती है। यानी प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर ही विकास को सार्थक बनाया जा सकता है। फिल्म का निर्माण गुनीत मोंगा व अचिन जैन की कंपनी शिक्या एंटरटेनमेंट ने किया। पुरस्कार की खबर से बोम्मन व बेल्ली खुश तो हैं लेकिन दुख इस बात का है कि उनका रघु उनके साथ नहीं है। निस्संदेह, इन दोनों पुरस्कारों ने हर भारतीय को गर्व करने का एक अवसर प्रदान किया है।

## सामाजिक ढांचा न बिगड़े

समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने का विरोध करके केंद्र ने ठीक ही किया है। ऐसे विवाहों से व्यक्तिगत कानूनों और स्वीकार्य सामाजिक मूल्यों का संतुलन बिगड़ने की आशंका गलत नहीं है। उच्चतम न्यायालय के समक्ष दाखिल हलफनामे में सरकार ने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 377 के जरिये इसे वैध करार दिये जाने के बावजूद, याचिकाकर्ता देश के कानूनों के तहत समलैंगिक विवाह के लिए मौलिक अधिकार का दावा नहीं कर सकते हैं। केंद्र का यह कथन कितना समीचीन है कि विवाह, कानून के एक संस्था के रूप में, विभिन्न विधायी अधिनियमों के तहत कई वैधानिक परिणाम हैं। इसलिए, ऐसे मानवीय संबंधों की किसी भी औपचारिक मान्यता को सिर्फ दो वयस्कों के बीच गोपनीयता का मुद्दा नहीं माना जा सकता है। अपने हलफनामे में केंद्र ने कहा कि भारतीय लोकाचार के आधार पर ऐसी सामाजिक नैतिकता और सार्वजनिक स्वीकृति का न्याय करना और उसे लागू करना विधायिका का काम है। केंद्र ने कहा कि भारतीय संवैधानिक कानून न्यायशास्त्र में किसी भी आधार के बिना पश्चिमी निर्णयों को इस संदर्भ में आयात नहीं किया जा सकता है। सच है कि समलैंगिक व्यक्तियों के बीच विवाह को न तो किसी असंहिताबद्ध कानून या किसी संहिताबद्ध वैधानिक कानूनों में मान्यता दी जाती है और न ही इसे स्वीकार किया जाता है। इसलिए भारतीय दंड संहिता की धारा 377 के बावजूद, याचिकाकर्ता देश के कानूनों के तहत समलैंगिक विवाह को मान्यता देने के मौलिक अधिकार का दावा नहीं कर सकते हैं। केंद्र का यह तर्क कितना समसामयिक है कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अधीन हैं और इसे देश के कानूनों के तहत मान्यता प्राप्त करने के लिए समलैंगिक विवाह के मौलिक अधिकार को शामिल करने के लिए विस्तारित नहीं किया जा सकता है, जो वास्तव में इसके विपरीत है। वस्तुतः विवाह/मिलन/संबंध तक सीमित विवाह की प्रकृति में विषमलैंगिक होने की मान्यता पूरे इतिहास में आदर्श है और राज्य के अस्तित्व और निरंतरता दोनों के लिए मूलभूत आधार है। इस स्थिति में कोई भी परिवर्तन पूरे सामाजिक ढांचे को बिगाड़ सकता है। इस मामले में आधुनिकता की होड़ में पश्चिम का अंधानुकरण करने की जरूरत नहीं है। बहरहाल वह मामला संविधान पीठ को चला गया है जो 18 अप्रैल से इसकी सुनवाई करेगी।



### सूक्ति

क्रोध की अति तो कटार से भी विनाशकारी है।
– कहावत

उच्च खेती, मध्यम व्यापार और नीच नौकरी।
– कहावत

### चिंतन-मनन

## एक प्रवाह है जीवन

जीवा एक प्रवाह है। वह रुकता नहीं, बहता रहता है। जो बहता है, वही प्रवाह होता है। जिसमें ठहराव है, गतिहीनता है, वह प्रवाह नहीं हो सकता। प्रवाह स्वच्छता का प्रतीक है, जबकि ठहराव में गंदगी की संभावना बनी रहती है। प्रवाह में जीवनी शक्ति है, जबकि ठहराव में अस्तित्व का लोप संभव है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन के प्रवाह को आगे बढ़ाना चाहेगा। सवाल एक ही है कि जीवन कैसा हो? भारतीय संस्कृति में उस जीवन को प्रशस्त जीवन माना गया है जो शांत हो, संतुष्ट हो, पवित्र हो और सानंद हो। शांति, संतुष्टि, पवित्रता और आनंद जीवन की महान उपलब्धियां हैं। इनका संबंध बाह्य पदार्थों से नहीं, व्यक्ति की अपनी वृत्तियों से है। पदार्थों का ढेर लग जाए तो भी वहां शांति का जन्म नहीं हो सकता। संतोष की प्राप्ति भी पदार्थ से नहीं हो सकती।

संसार की संपूर्ण सुख-सुविधाएं कदमों में आकर बिछ जाएं, फिर भी तोष का अनुभव नहीं होता। तीसरा तत्व है पवित्रता। उसका पदार्थ के साथ कोई रिश्ता ही नहीं है। पदार्थ के साथ जितना गहरा अनुबंध होता है, पवित्रता पर उतना ही सघन आवरण आ जाता है। पवित्रता नहीं है तो आनंद कहां से आएगा? आनंद का निवास तो चित्त की पवित्रता में ही होता है। ऐसी स्थिति में सार्थक जीवन जीने की आकांक्षा अधिक दूभर हो जाती है।

शांति का उत्स संयम है। जो लोग संयम से जीते हैं, विशिष्ट शांति का अनुभव करते हैं। स्वतंत्रता से संतोष की प्राप्ति होती है। सोने के पिंजरे में कैद पंछी को कितने ही मेवे-मिष्ठान मिल जाएं, वह कभी संतुष्ट नहीं हो सकता। परतंत्रता चाहे बाहर की हो, या भीतर की; वहां आत्मतोष नहीं मिल सकता। जीवन में पवित्रता तब तक नहीं उतर सकती, जब तक साधन-शुद्धि न हो। आनंद का अनुभव उस व्यक्ति को होता है जो स्वस्थ रहता है। इस प्रकार का जीवन भारतीय संस्कृति का जीवन है। ऐसा जीवन कोई भी जी सकता है, बशत्रे कि वह इतना उदात्त जीवन जीना चाहे। जीवन की सार्थकता और व्यर्थता उसकी शैली पर निर्भर है।

# स्वच्छता की देवी है शीतला माता



रमेश सर्राफ धमोरा

> संसार में दो प्रकार के प्राणी होते है। पहला सौर शक्ति प्रधान और दूसरा चान्द्र शक्ति प्रधान। सौर शक्ति के बारे में कहा जाता है कि सौर शक्ति जीव बहुत चंचल, चुलबुले, तत्काल बिगड़ उठने वाले और असहनशील होते हैं जबकि चान्द्र शक्ति प्रधान व्यक्ति इसके विपरीत होते है। चान्द्र शक्ति प्रधान जीवों में प्रमुख गधा ही माता शीतला का वाहन हो सकता है। यहां गधा संकेत देता है कि चामुण्डा के आक्रमण के समय रोग का अधिक प्रहार सहन करते हुए रोगी को कभी अधीर नहीं होना चाहिए। इसके अतिरिक्त शीतला रोग में गर्दभी का दूध, गधा लोटने के स्थान की मिट्टी और गधों के संपर्क का वातावरण उपयुक्त समझा जाता है। कहते हैं कि कुम्हार को चामुण्डा का भय नहीं होता है। वहीं ऊंट वाले को कभी पेट का रोग नहीं होता। चामुण्डा शववाहना के अनुसार चामुण्डा का वाहन शव होता है। इसका तात्पर्य यह है कि चामुण्डा से आक्रान्त रोगी को शव की भांति निश्चेष्ट होकर उचित समय की प्रतीक्षा करनी चाहिए।

शीतला माता एक प्रसिद्ध हिन्दू देवी हैं। इनका प्राचीनकाल से ही बहुत अधिक माहात्म्य रहा है। शीतला-मंदिरों में प्रायः माता शीतला को गर्दभ पर ही आसीन दिखाया गया है। शीतला माता के संग ज्वरासुर- ज्वर का दैत्य, ओलै चंडी बीबी – हैजे की देवी, चैंसठ रोग, घेंटुकर्ण- त्वचा-रोग के देवता एवं रक्तवती – रक्त संक्रमण की देवी होते हैं। इनके कलश में दाल के दानों के रूप में विषाणु या शीतल स्वास्थ्यवर्धक एवं रोगाणु नाशक जल होता है।

हिन्दू धर्म के विविध पर्व-त्योहारों को मनाने के पीछे वैज्ञानिक सोच व तत्व-दर्शन निहित है। होली के एक सप्ताह बाद मनाये जाने वाले शीतलाष्टमी त्योहार पर शीतला माता का पूजन कर व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि माता के पूजन से चेचक, खसरा जैसे संक्रामक रोगों का मुक्ति मिलती है। चूंकि ऋतु-परिवर्तन के दौरान इस समय संक्रामक रोगों के प्रकोप की काफी आशंका रहती है। इसलिए इन रोगों से बचाव के लिए श्रद्धालु शीतलाष्टमी के दिन माता का विधिपूर्वक पूजन करते हैं जिससे शरीर स्वस्थ बना रहे।

सामान्य तौर पर शीतला माता का पूजन चैत्र कृष्ण पक्ष की अष्टमी को किया जाता है। भगवती शीतला की पूजा का विधान भी विशिष्ट है। शीतलाष्टमी के एक दिन पूर्व उन्हें भोग लगाने के लिए बासी खाना यानी बसौड़ा तैयार किया जाता है। अष्टमी के दिन बासी पदार्थ ही देवी को नैवेद्य के रूप में अर्पित करते हैं और भक्तों के बीच प्रसाद के रूप में इसे वितरित करते हैं। उत्तर भारत में शीतलाष्टमी का त्योहार बसौड़ा नाम से भी प्रचलित है। मान्यता है कि इस दिन के बाद से बासी खाना नहीं खाना चाहिए। यह ऋतु का अंतिम दिन होता है जब बासी खाना खा सकते हैं।

इस व्रत में रसोई की दीवार पर हाथ की पांच अंगुली घी से लगाई जाती है। इस पर रोली और चावल लगाकर देवी माता के गीत गाये जाते हैं। इसके साथ, शीतला स्तोत्र तथा कहानी सुनी जाती है। रात में जोत जलाई जाती है। एक थाली में बासी भोजन रखकर परिवार के सारे सदस्यों का हाथ लगवाकर शीतला माता के मंदिर में चढ़ाते हैं। इनकी उपासना से स्वच्छता और पर्यावरण को सुरक्षित रखने की प्रेरणा मिलती है।

शीतला माता की महत्ता के विषय में स्कंद पुराण में विस्तृत वर्णन मिलता है। इसमें उल्लेख है कि शीतला देवी का वाहन गर्दभ है। ये हाथों में कलश, सूप, मार्जन (झाडू) और नीम के पत्ते धारण किये हैं। इनका प्रतीकात्मक महत्व है। आशय यह है कि चेचक का रोगी व्यग्रता में वस्त्र उतार देता है। सूप से रोगी को हवा की जाती है। झाडू से चेचक के फोड़े फट जाते हैं। नीम की पत्तियां फोड़ों को सड़ने नहीं देतीं। रोगी को ठंडा जल अच्छा लगता है, अतः कलश का महत्व है। गर्दभ की लीद के लेपन से चेचक के दाग मिट जाते हैं।

स्कंद पुराण में शीतला माता की अर्चना का स्तोत्र है शीतलाष्टक। माना जाता है कि इस स्तोत्र की रचना भगवान शंकर ने की थी। यह स्तोत्र शीतला देवी की महिमा का गान कर उनकी उपासना के लिए भक्तों को प्रेरित करता है।

वन्देहं शीतलां देवीं रासभस्थां दिगम्बराम।



मार्जनीकलशोपेतां शूर्पालड्कृतमस्तकाम।।

अर्थात गर्दभ पर विराजमान दिगम्बरा, हाथ में झाडू तथा कलश धारण करने वाली, सूप से अलंकृत मस्तकवाली भगवती शीतला की मैं वंदना करता हूं। शीतला माता के इस वंदना मंत्र से स्पष्ट है कि ये स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी हैं। हाथ में मार्जनी (झाडू) होने का अर्थ है कि हम लोगों को भी सफाई के प्रति जागरूक होना चाहिए। कलश से तात्पर्य है कि स्वच्छता रहने पर ही स्वास्थ्य रूपी समृद्धि आती है। मान्यता के अनुसार, इस व्रत को रखने से शीतला देवी प्रसन्न होती हैं और व्रती के कुल में चेचक, खसरा, दाह, ज्वर, पीतज्वर, दुर्गंधयुक्त फोड़े और नेत्रों के रोग आदि दूर हो जाते हैं। माता के रोगी के लिए यह व्रत बहुत मददगार है।


आमतौर पर, शीतला रोग के आक्रमण के समय रोगी दाह (जलन) से निरंतर पीड़ित रहता है। उसे शीतलता की बहुत जरूरत होती है। गर्दभ पिंडी (गधे की लीद) की गंध से फोड़ों का दर्द कम हो जाता है। नीम के पत्तों से फोड़े सड़ते नहीं है और जलघट भी उसके पास रखना अनिवार्य है। इससे शीतलता मिलती है।

लोक किंवदंतियों के अनुसार बसौड़ा की पूजा माता शीतला को प्रसन्न करने के लिए की जाती है। कहते हैं कि एक बार किसी गांव में गांववासी शीतला माता की पूजा-अर्चना कर रहे थे तो मां को गांववासियों ने गरिष्ठ भोजन प्रसादस्वरूप चढ़ा दिया। शीतलता की प्रतिमूर्ति मां भवानी का गर्म भोजन से मुंह जल गया तो वे नाराज हो गईं और उन्होंने कोपदृष्टि से संपूर्ण गांव में आग लगा दी। बस केवल एक बुढिया का घर सुरक्षित बचा हुआ था। गांव वालों ने जाकर उस बुढिया से घर न जलने के बारे में पूछा तो बुढिया ने मां शीतला को गरिष्ठ भोजन खिलाने वाली बात कही और कहा कि उन्होंने रात को ही भोजन बनाकर मां को भोग में ठंडा-बासी भोजन खिलाया। जिससे मां ने प्रसन्न होकर बुढिया का घर जलने से बचा लिया। बुढिया की बात सुनकर गांव वालों ने शीतलामाता से क्षमा मांगी और रंगपंचमी के बाद आने वाली सप्तमी के दिन उन्हें बासी भोजन खिलाकर मां का बसौड़ा पूजन किया।

संसार में दो प्रकार के प्राणी होते है। पहला सौर शक्ति प्रधान और दूसरा चान्द्र शक्ति प्रधान। सौर शक्ति के बारे में कहा जाता है कि सौर शक्ति जीव बहुत चंचल, चुलबुले, तत्काल बिगड़ उठने वाले और असहनशील होते हैं जबकि चान्द्र शक्ति प्रधान व्यक्ति इसके विपरीत होते है। चान्द्र शक्ति प्रधान जीवों में प्रमुख गधा ही माता शीतला का वाहन हो सकता है। यहां गधा संकेत देता है कि चामुण्डा के आक्रमण के समय रोग का अधिक प्रहार सहन करते हुए रोगी को कभी अधीर नहीं होना चाहिए। इसके अतिरिक्त शीतला रोग में गर्दभी का दूध, गधा लोटने के स्थान की मिट्टी और गधों के संपर्क का वातावरण उपयुक्त समझा जाता है। कहते हैं कि कुम्हार को चामुण्डा का भय नहीं होता है। वहीं ऊंट वाले को कभी पेट का रोग नहीं होता। चामुण्डा शववाहना के अनुसार चामुण्डा का वाहन शव होता है। इसका तात्पर्य यह है कि चामुण्डा से आक्रान्त रोगी को शव की भांति निश्चेष्ट होकर उचित समय की प्रतीक्षा करनी चाहिए।

### विचार-मंथन

# सारी दुनिया में क्रिप्टो करेंसी ने मचाया बवाल



सनत जैन



आभासी मुद्रा क्रिप्टोकरंसी ने सारी दुनिया के देशों को एक बड़े संकट में डाल दिया है। टेक कंपनियों द्वारा क्रिप्टो करेंसी का जो माया जाल बुना था। उसने विश्व अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने में बहुत बड़ी भूमिका अदा की है। विकासशील देशों एवं दुनियाभर के सेंट्रल बैंकों ने इस आभासी मुद्रा के प्रचलन को लेकर जो मौन साधकर रखा, उसके दुष्परिणाम अब सामने ?दिखने लगे हैं। सिलिकॉन वैली से संचालित क्रिप्टो एक्सचेंज के बंद होने के बाद, क्रिप्टोकरंसी की सट्टेबाजी, वैध और अवैध रूप से मुद्रा का एक स्थान से दूसरे स्थान पर मुद्रा उपलब्ध होने से ?क्रिप्टो करेन्सी ने ?पिछले वर्षों में धूम मचाई। ?क्रिप्टो मुद्रा को शेयर बाजार में डिमांड और सप्लाई से कीमत बढ़ाकर मुनाफा कमाने का साधन बनी। क्रिप्टो करेंसी के लेनदेन के लिए नए-नए बैंक बने। उनके माध्यम से लेनदेन हुआ। क्रिप्टो एक्सचेंज को भारी झटका लगने के बाद अमेरिका का सिल्वर गेट बैंक, सिलिकॉन वैली और सिग्नेचर बैंक बंद हो गया। इनके बंद होने और क्रिप्टो एक्सचेंज एफटीएक्स बंद होने के बाद सारी दुनिया के शेयर बाजारों में भी अस्थिरता बनना शुरू हो गई थी।

दुनिया के देशों के सभी बड़े बैंकों ने क्रिप्टोकरंसी का कारोबार नहीं किया। नाही ?क्रिप्टो करेन्सी को मान्यता दी। अब जब क्रिप्टो करेंसी से जुड़े हुए वित्तीय संस्थान डूब रहे हैं, उस समय कारोबार और बचत से जुड़ी हुई बहुत बड़ी रकम क्रिप्टो एक्सचेंज के माध्यम से निवेशकों की डूब गई है। इसका असर अब शेयर बाजार पर भी पड़ना शुरू हो गया है। इसका असर अन्य बैंकों पर भी निश्चित रूप से पड़ेगा। जिसके कारण सारी दुनिया की वित्तीय व्यवस्था को एक नया संकट पैदा होने लगा है।

कर्ज की अर्थव्यवस्था से दुनिया के सारे देश पहले से ही परेशान थे। सारी वित्तीय संस्थाओं को एनपीए जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अब बैंकों को भी अपना अस्तित्व बचाए रखना मुश्किल हो रहा है। इसका असर शेयर बाजार में भी पढ़ रहा है। अब यह स्पष्ट रूप से दिखने लगा है कि सारी दुनिया के देश आर्थिक मंदी और आर्थिक संकट के शिकार होने जा रहे हैं।

आर्थिक मंदी के कारण पहले ही बेरोजगारी के संकट से दुनिया के सभी देश जूझ रहे हैं। महंगाई ने लोगों का जीवन दुश्वार कर दिया है। अब वित्तीय संस्थान यदि डूबते हैं, तो इससे पूरी दुनिया में हाहाकार मचना तय है। इतने बड़े संकट को लेकर सारी दुनिया के देश जिस तरह से चुप्पी साध कर बैठे हुए हैं। उससे चिंता होना स्वाभाविक है। अमेरिकी सरकार ने सिल्वर गेट बैंक, सिलिकॉन वैली और सिग्नेचर बैंक के डूबने पर कोई भी आर्थिक पैकेज देने से मना कर दिया है। अमेरिका जैसे देश की आर्थिक स्थिति इस तरह की नहीं है कि वह वित्तीय संस्थानों को कोई मदद दे सके। जिस तेजी के साथ शेयर बाजारों में इसका असर देखने को ?मिल रहा है। आने वाले कुछ ही दिनों में सारी दुनिया के देश आर्थिक मंदी के शिकार होने के साथ-साथ वित्तीय व्यवस्था के वर्तमान ढांचे को बचा पाना मुश्किल होगा। वित्तीय तंत्र से आम आदमी भी सीधा जुड़ा हुआ है। ऐसी स्थिति में दु?निया भर में अराजकता की स्थिति भी बन सकती है। विश्व बैंक और अन्य वित्तीय संस्थाओं को इस दिशा में गंभीरता के साथ समय रहते विचार करना होगा। यदि ऐसा नहीं हुआ तो आर्थिक मंदी, बेरोजगारी और महंगाई जैसी समस्याओं से सारी दु?निया के देशों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। ?वित्तीय अराजकता तीसरे विश्व युद्ध का कारण भी बन सकता है। इस पर ?विश्व बैंक एवं अन्तर्राष्ट्रीय ?वित्तीय संस्थाओं को गंभीरता से ?विचार कर ?निर्णय लेना होगा।

### मुद्दा

# विनाश की नींव पर विकास अनुचित

शिशिर शुक्ला

यूं तो सृजन और विध्वंस प्रकृति की अनवरत चलने वाली प्रक्रियाएं हैं, और सत्य तो यह है कि ये दोनों ही एक दूसरे के पूरक हैं।

बिना सृजन के विध्वंस का कोई अर्थ नहीं एवं विध्वंस के बगैर नवीन सृजन की कल्पना करना भी असंभव है। पृथ्वी पर मानव सभ्यता ने शनैः शनैः विकास के शिखरों को स्पर्श करना आरंभ किया। पुरापाषाण काल में पत्थरों को रगड़कर आग के आविष्कार एवं नवपाषाण काल में स्थाई निवास की प्रवृत्ति से लेकर वर्तमान में पृथ्वी से बाहर अंतरिक्ष में अपने कदम रखने के अनवरत प्रयासों तक, यदि समय के साथ मानव विकास के ग्राफ का अवलोकन किया जाए तो निष्कर्ष यह निकलता है कि मानव ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति की है।

वृक्षों एवं कंदराओं से लेकर बहुमंजिला इमारतों तक, फल, फूल, पत्ती से लेकर स्वादिष्ट व्यंजनों तक, अशिक्षा से लेकर उच्च स्तरीय तकनीकी तक, पदयात्रा से लेकर वायुयान के सफर तक, जीवन के किसी भी क्षेत्र को देखा जाए तो प्रत्येक में विकास एवं प्रगति के द्वारा जमीन से आसमान तक का सफर दृष्टिगोचर होता है। वर्तमान परिदृश्य की बात की जाए, तो विज्ञान एवं तकनीकी की मदद से मानव निरंतर आगे बढ़ रहा है। किंतु एक विचारणीय एवं चिंतनीय प्रश्न यह उठता है कि विकास की इस द्रुतगति की नींव आखिर कैसी है।

मानव सभ्यता के शुरु आती चरणों में विकास को आवश्यकता के द्वारा गति प्रदान की गई। आग, भोजन आवास इत्यादि मानव की आवश्यकताएं थीं, लिहाजा यदि इनकी दिशा में हुई प्रगति को विकास की संज्ञा दी जाए तो वह विकास जरूरतों पर आधारित था। किंतु वर्तमान का परिदृश्य बिल्कुल अलग है। कटु सत्य यह है कि जिन उपलब्धियों को हम विकास की श्रेणी में रखते हैं, उनके पीछे आवश्यकता के स्थान पर स्वार्थ, लोभ, प्रतिद्वंद्विता, दिखावटीपन एवं अनावश्यक शौक जैसे



कारक उत्तरदायी हैं।

नतीजा यह है कि आधुनिक विकास कहीं न कहीं विनाश की नींव पर खड़ा है। प्रकृति ने मानव को धरती मां की गोद के रूप में संसाधनों का एक अतुलनीय एवं असीमित भंडार प्रदान किया। किंतु मानव ने उन्हीं संसाधनों का अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए अनियंत्रित दोहन शुरू कर दिया। उदाहरण के तौर पर, आज कृषि योग्य भूमि को आवासीय भूमि में तब्दील करके कॉलोनी का निर्माण करने का फैशन बहुत जोरों पर है। दोमंजिला मकानों, उद्यान, शॉपिंग कांपलेक्स आदि छद्म सुंदरताओं से युक्त कॉलोनी वस्तुतः कृषि भूमि के विनाश की नींव पर ही खड़ी होती है। आज मानव की प्रवृत्ति एक से अधिक आवास बनाने की है क्योंकि कहीं न कहीं उसकी मानसिकता व्यवसायोन्मुखी हो चुकी है।

सड़क मार्गों का चौड़ीकरण हो रहा है जिसके लिए सड़क के किनारे लगे वृक्षों को बिना विचारे काटा जा रहा है। निश्चित रूप से एक बेहतरीन चौड़ा सड़क मार्ग तैयार तो होगा, किंतु यदि यह विकास है तो हमें इतना निश्चित रूप से ध्यान रखना चाहिए कि यह विकास कटे हुए वृक्षों की चीत्कार की नींव पर आधारित होगा। शहरीकरण की अंधी होड़ जंगलों, खेतों और खलिहानों को समाप्त कर रही है। प्राकृतिक संसाधनों के साथ खिलवाड़ करने में मानव सीमा को लांघ चुका है। औद्योगीकरण और शहरीकरण की दौड़ के चलते भूजल के अतिदोहन के कारण जल संकट की भीषण समस्या मुंह खोलकर सामने खड़ी है। कारखानों से निकलने वाली विषैली गैसें और धुंआ वायु को किस हद तक प्रदूषित कर रहा है, इसका अंदाजा तक लगा पाना मुश्किल है। खास बात यह है कि उसी दूषित हवा में लाखों की आबादी सांस लेने को विवश है। हम बड़े शहर की किसी कॉलोनी में अपना आवास बनाने को ही विकास समझने की झूठी खुशी में पागल हो चुके हैं। प्रकृति को चोट पहुंचाकर एवं बहुमूल्य संसाधनों का विनाश करके झूठी शानशौकत व दिखावटीपन को विकास समझना मानव की सबसे बड़ी भूल है।

इतना तय है कि जब प्रकृति बदला लेगी तो उसमें कहीं पर भी क्षमा याचना की गुंजाइश नहीं होगी। हाल ही में जोशीमठ में आई भीषण आपदा से हम सब भलीभांति परिचित हैं। यदा-कदा भूकंप, बादल फटना, भूमि का धंसाव, भूस्खलन इत्यादि सभी प्रकृति के द्वारा मानव को दी गई चेतावनियां हैं। हमें चाहिए कि हम अंधी दौड़ को बंद करके आवश्यकता की नींव पर ही विकास की इमारत को खड़ा करें। यदि हमारे लिए एक मकान पर्याप्त है तो दिखावटीपन के वशीभूत होकर हम चार मकान खरीदने की कोशिश कदापि न करें। जो भूमि हमें अन्न देती है और हमारा पेट भरती है, जो जंगल एवं पेड़ पौधे हमारे लिए अगणित प्रकार से उपयोगी हैं, उनका नाश करके हम विकास करने का प्रयास कदापि न करें। यदि हम समय रहते सचेत न हुए, तो एक समय ऐसा आएगा जब हमें केवल ऊपर का विकास दिखाई देगा किंतु उसके भीतर विनाशजनित आपदाओं का एक ज्वालामुखी सुषुप्त अवस्था में होगा जो निसंदेह कभी भी फट पड़ेगा।

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक मनोज कुमार कश्यप ने यूरेशिया प्रिंटिंग प्रेस 270 फूल बाग कॉलोनी सूरज कुंड रोड मेरठ से छपवाकर, 277 नारंगपुर, थाना परीक्षितगढ, जिला मेरठ से प्रकाशित किया (संपादक मनोज कुमार) किसी भी विवाद के लिए न्याय क्षेत्र मेरठ होगा

# योगी सरकार 14 कोसी व पंचकोशी मार्ग को अलौकिक रूप देने के प्रयास में जुटी

## 14 कोसी व पंचकोसी और परिक्रमा मार्ग का कार्य तेज, 20 मीटर चौड़ा होगा परिक्रमा मार्ग

**अयोध्या।** योगी सरकार त्रेतायुगीन वैभवशाली राम नगरी के 14 कोसी व पंचकोसी मार्ग को अलौकिक रूप देने के प्रयास में जुटी है। जिसको लेकर अब विकास कार्य तेज कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देश पर अयोध्या का चौमुखी विकास हो रहा है। वही अयोध्या में 14 कोसी और पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर एडीएम प्रशासन अमित कुमार लगातार क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर आपसी सामंजस्य बिठाने का कार्य कर रहे हैं। एडीएम ने कहा कि 14 कोसी परिक्रमा और पंचकोसी परिक्रमा मार्ग दोनों ही 20 मीटर चौड़े बनाए जाने हैं। जिसका सर्वे पूरा हो चुका है। सभी टीमों ने जांच भी कर ली है। जिसके लिए प्रथम चरण की बैठक भी हो चुकी है।

**भू स्वामियों को सर्किल से 2 गुना मुआवजा दिया जाएगा**

एडीएम प्रशासन अमित कुमार ने बताया कि परिक्रमा क्षेत्र की परिधि में आने वाले लगभग सौ से डेढ़ सौ लोग आज वातार्लाप के लिए आए थे। जिन को अवगत कराया गया कि परिक्रमा मार्ग 20 मीटर चौड़ा होगा। जिसका शासन द्वारा पैसा अप्रूव हो चुका है। जैसे ही पैसा आ जाएगा, हमारे द्वारा ग्रह समिति की बैठक किया जाएगा। परिक्रमा मार्ग की परिधि में आने वाले भू-स्वामियों को सर्किल से 2 गुना मुआवजा दिया जाएगा। ग्रह समिति की बैठक के बाद अप्रैल के प्रथम सप्ताह में बैनामा करकर खातों में मुआवजे की धनराशि भेज दी जाएगी।

**योगी सरकार ने दी मंजूरी**

अयोध्या में राम पथ, भक्ति पथ और धर्म पथ के साथ ही साथ 14 कोसी और पंचकोसी मार्ग का भी चौड़ीकरण किया जाएगा। इसके लिए हाल ही में योगी सरकार ने कैबिनेट में मंजूरी भी दे दिया है। शासन से मंजूरी मिलने के साथ ही परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर कवायद तेज हो गई है। ग्रह समिति की बैठक के बाद अप्रैल के प्रथम सप्ताह में बैनामा करा कर खातों में मुआवजे की धनराशि भेज दी जाएगी। बता दे कि घनी बस्ती से होकर गुजरने वाले परिक्रमा मार्ग के किनारे बसे लोगों को परेशानी होंगी। राजघाट से चक्रतीर्थ, जनौरा से मोदहा तक सैकड़ों मकान व दुकान गिराए जाएंगे। अयोध्या मे नेशनल हाइवे 27 से नया घाट (पुराना पुल तक) का मार्ग (धर्म पथ), चैनल जीरो से 02 तक दो किलोमीटर के मार्ग के चौड़ी करण, विस्तारीकरण कार्य की वित्तीय स्वीकृति को मंजूरी/खर्च लगभग 65 करोड़ रु होगा। पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर चैनल जीरो से 10.775 किलोमीटर तक लगभग 9.025 किमी लम्बे मार्ग को फोरलेन के रूप मे विस्तारीकरण, चौड़ीकरण के लिए 200 करोड़ के प्रस्ताव को मंजूरी मिल चुकी है। चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग पर चैनल जीरो से 25.393 किमी तक, कुल लम्बाई 23.943 किमी को फोरलेन मे विस्तारी करण के लिए 200 करोड़ रु.की मंजूरी प्राप्त हुई है।



**14 कोसी पंचकोसी परिक्रमा मार्ग चौड़ीकरण के संबंध में अयोध्या के साधु संतों ने डीएम से की मुलाकात**

अयोध्या का 14 कोसी परिक्रमा बदलने की आहट के बाद सिद्धपीठ नाका हनुमानगढ़ी के महंत रामदास ने डीएम नीतीश कुमार से अयोध्या के महंत और नाका हनुमानगढ़ी से जुड़े भक्तों के साथ मुलाकात कर एक ज्ञापन दिया।

महंत रामदास के अनुसार डीएम ने परिक्रमा मार्ग ना बदले जाने का आश्वासन दिया है। इससे संत और भक्तों के चेहरे खिल उठे हैं। इससे पहले महंत रामदास ने जनवरी के तीसरे सप्ताह में कमिश्नर गौरव दयाल से मुलाकात की थी। इस दौरान करीब 200 प्रभावित लोग महंत रामदास के साथ थे। महंत रामदास ने 14 कोसी परिक्रमा और अक्षय नवमी तिथि पर परिक्रमा से जुड़े नाका हनुमानगढ़ी मंदिर के दर्शन की जानकारी दी। उन्होंने एक ज्ञापन सौंपकर महादेव मंदिर को लेकर परिक्रमा मार्ग बदलने से लोगों को होने वाली परेशानी के बारे में कमिश्नर को बताया था। कमिश्नर गौरव दयाल ने महंत रामदास की पूरी बात सुनकर परिक्रमा मार्ग की प्राचीन परंपरा बनाए रखने पर गौर करने का आश्वासन दिया था। नाका हनुमानगढ़ी के महंत रामदास के अनुरोध पर श्री राम वल्लभा कुंज के प्रमुख स्वामी राजकुमार दास लक्ष्मण किला के महंत मैथिलीशरण, मंगल भवन के महंत राम भूषण दास कृपालु ने इस मामले को श्रद्धालुओं की आस्था का विषय बताकर गंभीरता से डीएम के सामने रखा है। डीएम की ओर से परिक्रमा मार्ग पहले वाला रहने देने के आश्वासन के बाद संतों ने उनका आभार जताया। वहीं डीएम नीतीश कुमार ने बताया कि आज अयोध्या के पूज्य संतों द्वारा परिक्रमा मार्ग को लेकर चर्चा की गई तथा संतो को आश्वासन दिया गया कि बिना किसी क्षति और सभी को ध्यान में रखते हुए कार्य कराया जाएगा।

इस अवसर पर मंगल भवन के महंत राम भूषण दास कृपालु, राम कचहरी चारों धाम के महंत और सरजू आरती समिति के अध्यक्ष शशिकांत दास, राम आश्रम के महंत रामदास, डांडिया मंदिर के महंत महामंडलेश्वर गिरीश दास, सर्व भवन आश्रम के महंत गंगादास, पत्थर मंदिर के महंत मनीष दास, राम वैदेही मंदिर के महंत महामंडलेश्वर रामजी शरण, पंचमुखी हनुमान मंदिर के महंत कमला दास, सरजू कुंज के महंत बागी शरण, जानकीकुंड के महंत वीरेंद्र दास, बाबा रविदास आदि संत महंत उपस्थित रहे।

# विधायक के जन्मदिन पर निशुल्क स्वास्थ्य मेला और रक्तदान शिविर का आयोजन

**अयोध्या।** रुदौली विधायक रामचन्द्र यादव के जन्म दिवस पर निशुल्क स्वास्थ्य मेला और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। श्री कृष्णा आरटीएस कालेज, नरौली के प्रांगण में आयोजित स्वास्थ्य मेले में दो सौ लोगों ने रक्तदान किया। विधायक पुत्र आलोक चंद्र यादव, भाजपा नगर अध्यक्ष शेखर गुप्त, पकड़िया प्रधान ए एस सिंह, दिनेश यादव, कृष्ण सागर पाल व पप्पू यादव समेत 200 से अधिक लोगों ने ब्लड डोनेट किया।



मेले में रक्तदान के दौरान विधायक ने रक्तदान करने वालों को जूस और फल वितरित किया। रक्तदान शिविर में किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज लखनऊ की चिकित्सीय टीम के अलावा जिला अस्पताल की टीम लगी रही। जिला मुख्यालय और लखनऊ के 20 अस्पतालों के डॉक्टरों ने लोगों का निःशुल्क उपचार किया। लखनऊ के गोविंद हास्पिटल के एमडी डा. महेश कुमार यादव स्वयं विशेषज्ञों के साथ गरीब मरीजों का इलाज में जुटे रहे। उन्होंने बताया कि करीब डेढ़ सौ मरीजों का इलाज किया गया। इसके साथ विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने भी गरीबों की सेवा के लिए कैंप लगाया। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने रंगोली सजाई। लोकगायिका पूजा कौशल ने अपनी लोक गीतों से समां बांधा। श्री आरटीएस कॉलेज आफ फामेर्सी की छात्र-छात्राओं ने भी विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पूर्व ब्लॉक प्रमुख कमलेश यादव, कृष्ण सागर पाल, जिपंस रामनेवल लोधी, निर्मल शर्मा, किशोरी लाल भारती, राम अवध यादव आदि मौजूद रहे।

# जिला चिकित्सालय को वर्षों बाद मिला हृदय रोग विशेषज्ञ

## डॉ. अरुण प्रकाश श्रीवास्तव ने जिला चिकित्सालय में शुरू की ओपीडी

**अयोध्या।** जिला चिकित्सालय के ओपीडी में बैठे हृदय रोग चिकित्सक डॉ. अरुण प्रकाश श्रीवास्तव अयोध्या तीन वर्ष पहले सेवानिवृत हुये वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आर पी सिंह के बाद अब 2023 में शासन को अयोध्या जिला चिकित्सालय में हृदय रोग विशेषज्ञ की कमी दिखाई पड़ी और स्वास्थ्य सचिव डॉ. अब्दुल मनन के निर्देश पर अमरोहा जिला चिकित्सालय में कार्यरत रहें उन्नाव निवासी डॉ. अरुण प्रकाश श्रीवास्तव को रामनगरी में जनता की सेवा का दायत्व सौपा। जिसे स्वीकार कर उन्होंने सोमवार को अयोध्या जिला चिकित्सालय की ओपीडी संभाल लिया। उनसे हुई एक खास मुलाकत के दौरान उन्होंने बताया कि यहां भगवान



राम की जन्मस्थली में हमें जो जनता की सेवा का अवसर मिला हैं, उससे मैं बहुत खुश हू। उन्होंने बताया कि यहां के लोग काफी विन्रम हैं और जिला चिकित्सकय के चिकित्सक व अन्य सभी कर्मचारियों का व्यवहार भी खुशनुमा रहा। यहां एक दूसरे के साथ काम करने का अनुभव हमने देखा, जिससे मैं बहुत प्रभावित भी हुआ। फिलहाल अभी मुझे श्रीराम जन्मभूमि के दर्शन का सौभग्य नहीं मिला हैं और अब तो उनकी सेवा में हूँ आज नही तो कल उनके दर्शन अवश्य होंगे। परंतु पहले मेरी प्राथमिक मरीजों की सेवा हैं, जिसे मैं जी जान लगा कर करूंगा।

अस्पताल की सुविधाओं के विषय में उन्होने बताया कि ईसीजी तो हैं, परन्तु अगर इकोमशीन भी हो जाती, तो हृदय रोगियों का इलाज और भी बेहतर तरीके से किया जा सकता था। फिर भी जो व्यवस्था हैं, वह ठीक ही हैं और फिजीशियन की भी कमी हैं। एकमात्र चिकित्सक से भी काफी दिक्कते आती हैं। जैसे कि ईसीजी की रिपोर्ट के आधार पर ही सर्जन ऑपरेशन की अनुमति देगा। यह एक बड़ी समस्या हैं इस पर भी महकमे को ध्यान देने की आवश्यकता है।

# डॉ गगनेश त्यागी को बनाया गया भारत तिब्बत सहयोग मंच गाजियाबाद जिले का जिला अध्यक्ष

**गाजियाबादः भारत तिब्बत सहयोग मंच के मेरठ प्रांत अध्यक्ष माननीय डॉ सन्दीप चौधरी ने प्रान्त महामंत्री कपिल त्यागी के अनुमोदन पर विचार विमर्श करके डॉ गगनेश त्यागी को जिला अध्यक्ष गाजियाबाद का दायित्व देना का निर्णय लिया।**

**भारत तिब्बत सहयोग मंच मेरठ प्रांत के सभी कार्यकताओं को अपेक्षा ही नही पूर्ण विश्वास हैं कि भाई डॉ गगनेश त्यागी अपने इस नये दायित्व को पूर्ण समर्पण एवं निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे।**



**डॉ गगनेश त्यागी को जिला अध्यक्ष गाजियाबाद बनाये जाने पर प्रांत अध्यक्ष माननीय डॉ संदीप चौधरी , प्रांत महामंत्री कपिल त्यागी, प्रांत अध्यक्ष महिला विभाग डॉ सुमन कौशिक , प्रांत अध्यक्ष युवा विभाग माननीय अभिषेक प्रधान आदि ने शुभकामनाएं दी ।**

## शिक्षक भर्ती मामले में सपा अध्यक्ष अखिलेश ने सरकार को घेरा, भाजपा पर लगाया आरक्षण विरोधी होने का आरोप

**लखनऊः** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को भाजपा सरकार पर आरक्षण विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि दलित-पिछड़ों का हक मारने के लिए ही भाजपा सरकार आरक्षण को विधायी माया जाल में फंसाती है। 69 हजार सहायक शिक्षक भर्ती में हाईकोर्ट का फैसला भाजपा सरकार की ढीली व लचर पैरवी का नतीजा है। दलित व ओबीसी अभ्यर्थियों के साथ यह धोखा है। सपा इन अभ्यर्थियों के साथ है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार आरक्षण की मूल भावना की विरोधी है।



जातीय जनगणना ही इस समस्या का सही समाधान है, जिससे कि जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण का लाभ मिल सके। वहीं, सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने बुधवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि 69 हजार शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थी पिछले दो वर्ष से संघर्ष कर रहे हैं। 6800 दलित व ओबीसी अभ्यर्थियों की सूची हाईकोर्ट ने रद कर दी है। अगर सरकार ने सही पैरवी की होती तो इन अभ्यर्थियों के साथ अन्याय न होता। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह शिक्षक भर्ती आरक्षण का बहुत बड़ा घोटाला है। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी इस शिक्षक भर्ती में आरक्षण नियमों का पालन ठीक से न होने की बात कही है। सपा इन अभ्यर्थियों के साथ है, साथ ही सरकार से मांग करती है कि इन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देकर इनके साथ न्याय करे।

## नवागत आईजी प्रवीण कुमार ने संभाला कार्यभार

**अयोध्या।** नवागत आईजी प्रवीण कुमार ने कार्यभार ग्रहण करने से पहले हनुमानगढ़ी पर माथा टेककर हनुमानगढ़ी व अन्य स्थानों की सुरक्षा का जायजा लिया। सुरक्षा को लेकर राम जन्मभूमि परिसर में भी निरीक्षण किया। चार्ज लेने के बाद अयोध्या पहुंचे नवागत आईजी प्रवीण कुमार ने प्राथमिकता गिनाते हुए कहा कि अयोध्या धार्मिक नगरी है, इस धर्मनगरी से करोड़ों लोगों की आस्था है। सरकार की प्राथमिकताओं में अपना सर्वोच्च समर्पित करने का प्रयास करेंगे। अयोध्या की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जाएगी। साथ ही ऐसा माहौल दिया जाएगा कि श्रद्धालु उल्लास के साथ राम नगरी में दर्शन पूजन कर सकें। राम जन्मोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एडवांस्ड टेक्निकल व्यवस्था का प्रबंध किया जाएगा।अयोध्यावासियों के सहयोग से पुलिस प्रशासन मिलकर ऐसा प्लान बनाएगा जिससे किसी को असुविधा न हो।इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। मेरठ जोन में तैनात आईजी प्रवीण कुमार को अयोध्या परिक्षेत्र का आईजी बनाया गया है। वर्ष 2001 बैच के आईपीएस प्रवीण कुमार जालौन जिले के निवासी है। उन्होंने इंजीनियरिंग के साथ एलएलबी, एलएलएम की भी उपाधि हासिल की है। वह लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, मुजफ्फरनगर जैसे महत्वपूर्ण जिले के एसएसपी रह चुके हैं।प्रशांत कुमार लखनऊ में आईजी लॉ एंड आर्डर भी रह चुके हैं। उन्हें जनवरी 2020 में मेरठ जोन का आईजी बनाया गया था। इसके बाद अब उन्हें अयोध्या परिक्षेत्र की कमान सौंपी गई है।



## अमीन पर फायरिंग कर लूट की घटना को अंजाम देने वाले का सफल अनावरण

# चार अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**प्रयागराज।** सरायममरेज थाना क्षेत्र के गोठवा गांव के पास बीते दिनों हंडिया तहसील के अमीन पर बाइक सवार बदमाशों ने दिन दहाड़े गोली चलाकर घायल कर लूट की घटना को अंजाम दिया था।

जिसमे थाना सरायममरेज पुलिस टीम द्वारा घटना का सफल अनावरण हेतु लगातार थाना क्षेत्र/संभावित स्थानों पर भ्रमणशील कर अभियुक्तों के आने जाने वाले रास्तों पर स्थित दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी करते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सफल अनावरण करते हुए चार शातिर बदमासों को किया गिरफ्तार।




अभियुक्तों में रविकुमार विश्वकर्मा पुत्र मेवालाल विश्वकर्मा निवासी ग्राम मऊ रामशाला थाना सुरियावां जनपद भदोही, सूरज गौतम पुत्र बृजेश निवासी किचकिला रिखीपुर थाना हंडिया, सूर्य प्रकाश उर्फ नन बाबा पुत्र स्व0 भागीरथी निवासी किचकिला थाना हंडिया, धीरज कुमार पुत्र सुखलाल नीवासी ग्राम किचकिला थाना हंडिया जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 02 अदद मोटरसाइकिल,01 अदद अवैध पिस्टल, जिंदा कारतूस,32 बोर,तथा अमीन से लुटे गए 04 अदद कागज की फाइल बरामद की गई।

पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हम तीनों लोग एक बाइक पर सवार होकर गोठवा के पास लूट की नीयत से खड़े थे कि बाइक पर सवार बैग लेकर बैठें 02 लोगो पर गोली चलाकर बैग लेकर फरार हो गए थे। उन्होंने यह भी बताया कि हम लोगो को पैसे की जरूरत थी। जिसको लेकर इस घटना को अंजाम दिया था। जिसके लिए हमे पिस्टल व मोटरसाइकिल की जरूरत थी ।

मोटरसाइकिल रवि विश्वकर्मा के दोस्त सूरज गौतम पुत्र विजय शंकर नीवासी रोही थाना सुरियावां भदोही से दवा लेने के बहाने मांगी गई थी। तथा पिस्टल शनि भारतीयता उर्फ शनि देवल ने उपलब्ध कराई थी।

रवि विश्वकर्मा ने बताया कि गोली हमने चलाई थी। धीरज कुमार पुत्र सुखलाल ने इसी बरामद सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से 10 मार्च को हंडिया जाकर एसबीआई के पास रेकी कर हमें बताया गया था कि किस मोटरसाइकिल का पीछा कर लूट करनी है। और निशानदेही के आधार पर घटना को अंजाम दिया गया था।

# अश्विन ने जेम्स एंडरसन को पछाड़ा, आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंचे



**दुबई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के चौथे टेस्ट में शानदार गेंदबाजी करने वाले भारत के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन बुधवार को जारी आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की नवीनतम रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए हैं। ऑफ स्पिनर अश्विन ने गेंदबाजों के लिए मुश्किल परिस्थितियों वाली पिच पर पहली पारी में 91 रन देकर छह विकेट चटकाए।

चार मैचों की इस श्रृंखला में वह 25 विकेट के साथ सबसे ज्यादा विकेट हासिल करने वाले गेंदबाज रहे। इसका फायदा उन्हें रैंकिंग में हुआ और उन्होंने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को 10 रेटिंग अंकों से पीछे छोड़ दिया। रैंकिंग में उनके साथी बाएं हाथ के स्पिनर रविन्द्र जडेजा (आठवें से नौवें स्थान पर खिसके) को एक स्थान का नुकसान हुआ है जबकि अक्षर पटेल छह पायदान चढ़कर 28वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में बल्ले से दमदार योगदान देने वाले अक्षर हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में दो स्थान के सुधार के साथ चौथे पायदान पर पहुंच गये। इस सूची में जडेजा और अश्विन शीर्ष दो स्थान पर हैं। चोट के कारण टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह छठे से सातवें स्थान पर खिसक गए है।

बल्लेबाजों की सूची में चोटिल ऋषभ पंत (नौवें) और रोहित शर्मा (10वें) शीर्ष 10 में शामिल भारतीय है। अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 186 रन की पारी खेलने वाले विराट कोहली सात स्थान के सुधार के साथ 13वें पायदान पर पहुंच गये। मैन ऑफ द मैच कोहली के अलावा इस मैच में शतक लगाने वाले सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल 17 पायदान ऊपर चढ़कर 46वें स्थान पर पहुंच गए।

इस मैच की पहली पारी में 180 रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा करियर के सर्वश्रेष्ठ 815 रेटिंग अंक के साथ रैंकिंग में सातवें स्थान पर पहुंच गए। श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में 102 और 81 रन की शानदार पारी खेलने वाले डेरिल मिशेल भी करियर के सर्वश्रेष्ठ 800 रेटिंग अंक तक पहुंच गए। वह हालांकि रैंकिंग में सुधार नहीं कर सके और आठवें स्थान पर बने हुए हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ 172 रन की मैच जिताने वाली पारी खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा 14 स्थान के सुधार के साथ रैंकिंग में 15वें स्थान पर पहुंच गए।

# कोको गॉफ और फ्रिट्ज इंडियन वेल्स टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



**सिंगापुर (एजेंसी)।** इंडियन वेल्स ~ कोको गॉफ ने तीसरे सेट में एक ब्रेक से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मंगलवार को यहां स्वीडन की क्वालीफायर रेबेका पेटरसन को हराकर बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

गॉफ ने तीसरे और निर्णायक सेट में 2-4 से पिछड़ने के बाद वापसी की और 4-4 के स्कोर पर तीन ब्रेक प्वाइंट बचाते हुए अपनी सर्विस बचाई और फिर अगले गेम में मुकाबला अपने नाम किया। उन्होंने 6-3, 1-6, 6-4 से जीत दर्ज की। चार साल पहले रेबेका ने तब 14 साल की गॉफ को मिशिगन में चैलेंजर टूर्नामेंट में हराया था। छठी वरीय अमेरिकी गॉफ अगले दौर में दूसरी वरीय एरीना सबालेंका से भिड़ेंगी जिन्होंने 16वीं वरीय बारबरा क्रेसिकोवा को 6-3, 2-6, 6-4 से हराया। चौथे दौर के अन्य मुकाबलों में सातवीं वरीय मारिया सकारी ने 17वीं वरीय केरोलिना प्लिसकोवा को 6-4, 5-7, 6-3 से शिकस्त दी। पुरुष वर्ग में गत चैंपियन टेलर फ्रिट्ज ने मार्टोन फुकसोविक्स को 6-4, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पांचवें नंबर के दानिल मेदवेदेव ने 12वें वरीय एलेक्सांद्र ज्वेरेव को 6-7, 7-6, 7-5 से जबकि 10वें वरीय कैमरन नोरी ने छठे वरीय आंद्रे रूबलेव को 6-2, 6-4 से हराया।

# सुनील छेत्री कहने वाले हैं फुटबॉल को अलविदा, कोच ने बयान देकर किया खुलासा

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक का मानना है कि करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री अपने शानदार करियर का 'शायद अंतिम सत्र खेल रहे हों'। उन्होंने साथ ही उम्मीद जताई कि इस स्टार खिलाड़ी ने अपना सर्वश्रेष्ठ खेल आगामी महीनों में अंतिम चरण के लिए बचाया हो। भारत को अपना अगला बड़ा टूर्नामेंट अगले साल 12 जनवरी से 10 फरवरी तक कतर में एएफसी एशियाई कप के रूप में खेलना है। छेत्री तीसरी बार इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में खेलने की तैयारी कर रहे हैं। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया था।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की वेबसाइट ने स्टिमक के हवाले से कहा, ''उसकी उम्र में संभवत~ यह उसकी फुटबॉल से विदाई हो। बेशक सुनील शायद अपना आखिरी सत्र खेल रहा हो और निश्चित तौर पर अपना आखिरी एशिया कप।'' उन्होंने कहा, ''मुझे यकीन है कि आगामी महीने सुनील छेत्री के लिए सर्वश्रेष्ठ होंगे।'' राष्ट्रीय टीम इम्फाल में 22 मार्च से तीन देशों के फुटबॉल टूर्नामेंट से पहले यहां पांच दिवसीय शिविर में हिस्सा ले रही है। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 84 गोल के साथ सक्रिय खिलाड़ियों में क्रिस्टियानो रोनाल्डो (118) और लियोनल मेस्सी (98) के बाद सबसे सफल खिलाड़ी छेत्री 2011 और 2019 में एशियाई कप में खेल चुके हैं।

वर्ष 2005 में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने वाले छेत्री ने शनिवार को होने वाले इंडियन सुपर लीग के फाइनल में बेंगलुरू एफसी को जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई। स्टिमक ने कहा, ''सुनील छेत्री इस सत्र में नहीं दिखा। वह बेंच पर था, इंतजार और तैयारी कर रहा था, अपना वजन कुछ किग्रा कम कर रहा था जो इस उम्र में करना काफी मुश्किल होता है, लेकिन जब सबसे ज्यादा जरूरत थी तो वह अपने क्लब के लिए मौजूद था, उनकी मदद कर रहा था और उन्हें फाइनल में ले गया। उसने सबसे निर्णायक गोल किए।'' एशियाई कप में अभी 10 महीने का समय है। इससे पहले दुनिया की 106वें नंबर की टीम भारत इम्फाल में किर्गिस्तान (94) और म्यांमा (159) के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया: भारत के लिए आसान नहीं रहने वाला वनडे सीरीज

## श्रेयस अय्यर बाहर, मिडिल ऑर्डर पर सवाल बरकरार



**मुंबई। (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज खत्म हो गया है। लेकिन इसके साथ ही अब वनडे सीरीज का आगाज होने वाला है। 17 मार्च को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला एकदिवसीय मुकाबला खेला जाएगा। यह मुकाबला मुंबई में होगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एकदिवसीय सीरीज को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसका महत्व और भी इसलिए बढ़ गया है क्योंकि इस साल भारत में ही 50 ओवर का वर्ल्ड कप भारत में ही होना है। आईपीएल के पहले भारत अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय सीरीज चल रहा है। इसके बाद उसे सीधे वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ओवल में खेलना है। यही कारण है कि एकदिवसीय श्रृंखला को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

इस सीरीज में भारत के समक्ष चुनौतियां कई और भी हैं। कप्तान रोहित शर्मा पहले मुकाबले के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। ऐसे में उनकी जगह हार्दिक पांड्या कप्तानी दी गई है। हार्दिक पांड्या की कप्तानी में भारत अच्छी शुरुआत करना चाहेगा। वरना दूसरे और तीसरे मुकाबले में उसके लिए परेशानी बढ़ सकती है। वहीं भारत के लिए मिडिल ऑर्डर अब भी एक सवाल बना हुआ है। श्रेयस अय्यर के चोटिल होने के बाद सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर उनकी जगह कौन खेलेगा। नंबर 4 का बल्लेबाजी के लिए टीम में सूर्यकुमार यादव उपलब्ध है जरूर होंगे। लेकिन तब तक एकदिवसीय मुकाबलों में उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है।

इसके अलावा सवाल यह भी है कि क्या भारत इशान किशन या फिर किसी अन्य नियमित विकेटकीपर के साथ उतरेगा। या केएल राहुल को मौका दिया जाएगा। हालांकि केएल राहुल का फॉर्म भी भारत के लिए चिंता की बात है। एकदिवसीय मुकाबलों में ज्यादातर समय भारत पर ऑस्ट्रेलिया हावी रहा है। अब तक दोनों देशों के बीच कुल 143 मैच खेले गए हैं। इसमें ऑस्ट्रेलिया ने 80 जीते हैं। वही भारत के खाते में 53 जीत आए हैं। जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम के खिलाफ खेलना की एक बड़ी चुनौती रहने वाली है। जिस तरीके से भारत ने टेस्ट श्रृंखला को जीता है, उससे उसका आत्मविश्वास बढ़ा होगा। 17 के बाद दूसरा मुकाबला 19 मार्च को विशाखापट्टनम में और तीसरा मैच 22 मार्च को चेन्नई में खेला जाएगा।

## टीम इंडिया को डब्ल्यूटीसी फाइनल भी 4 तेज गेंदबाजों के साथ उतरना चाहिए : बांगड़

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ ने कहा है कि जून में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में भारतीय टीम को 4 तेज गेंदबाजों के साथ उतरना चाहिए । भारतीय टीम इस बार रोहित शर्मा की कप्तानी में डब्ल्यूटीसी फाइनल किसी भी हाल में जीतना चाहेगी । पिछले बार उसे विराट कोहली की कप्तानी में हार का सामना करना पड़ा था । भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतने के बाद से ही उत्साहित है और अब उसका लक्ष्य डब्ल्यूटीसी का खिताब जीतना रहेगा । इसमें भारतीय टीम को मनोवैज्ञानिक बढ़त मिलेगी । विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल 7 जून से इंग्लैंड में होना है । द ओवल में खेले जाने वाले इस खिताबी मुकाबले में तेज गेंदबाजों की भूमिका महत्वपूर्व होगी । बांगड़ ने कहा कि जून में इंग्लैंड में मौसम ठंडा है । ऐसे में टीम इंडिया को भी 4 तेज गेंदबाजों के साथ उतरना होगा । साथ ही कहा कि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों की तिकड़ी फाइनल में भारतीय बल्लेबाजों पर दबाव डाल सकती है क्योंकि तेज पिचों पर से खतरनाक साबित होते हैं । कंगारु तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने अपनी धरती पर भारत के खिलाफ 8 टेस्ट में 23 की औसत से 35 विकेट लिए थे । 27 रन देकर 6 विकेट उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन है । ऐसे में भारतीय टीम के सामने यही एकमात्र विकल्प है कि वह अपने बल्लेबाजों को इस प्रकार की पिचों पर खेलने का अभ्यास कराये ।बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने ऑस्ट्रेलिया में भारत के खिलाफ 11 टेस्ट में घर में 35 की औसत से 35 विकेट लिए हैं । 53 रन देकर 4 विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है ।

## डब्लूटीसी फाइनल के लिए वार्नर टीम की योजनाओं में शामिल : कोच

मुम्बई । ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने कहा है कि भारत के खिलाफ जून में होने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लूटीसी फाइनल) के लिए सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर को शामिल किया जा सकता है । मैकडॉनल्ड के अनुसार वार्नर अब फिट हो गये हैं और भारत के खिलाफ एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज में खेलने के लिए तैयार हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच डब्लूटीसी फाइनल इंग्लैंड के ओवल में 7 जून से खेला जाएगा । बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में वॉर्नर चोटिल हो गये थे । इस कारण वह इलाज के लिए स्वदेश लौट गये थे। दूसरे टेस्ट में वॉर्नर की कोहनी में चोट आई थी और इसी कारण वह बचे हुए दो मैच नहीं खेल पाये थे । वॉर्नर अब पूरी तरह से फिट हो चुके हैं और भारत के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में हिस्सा लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मैकडॉनल्ड ने डब्लूटीसी फाइनल के बारे में कहा है कि इस महामुकाबले के लिए वॉर्नर टीम की योजनाओं में हैं । ऑस्ट्रेलियाई कोच ने कहा, इस समय वॉर्नर पूरी तरह से डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए हमारी योजनाओं में शामिल हैं। वह भारत के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए वापस आ रहे हैं और वह अपनी चोट से उबर गये हैं । इसलिए हम भारतीय टीम के खिलाफ पहले एकदिवसीय में उन्हें खेलते हुए देखेंगे ।

# महिला प्रीमियर लीग : हरमनप्रीत के अर्धशतक से मुम्बई की लगातार पांचवीं जीत



**मुंबई (एजेंसी)।** कप्तान हरमनप्रीत कौर के शानदार अर्धशतक 51 रनों की सहायता से मुम्बई इंडियंस ने महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट (डब्ल्यूपीएल) के अपने पांचवे मुकाबले में गुजरात जायंट्स को 55 रनों से हरा दिया। इस मैच में मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाए। गुजरात की ओर से एशले गार्डनर ने तीन विकेट लिए। प्रकार गुजरात को जीत के लिए 163 रनों का लक्ष्य मिला जिसका पीछा करते हुए गुजरात की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 107 रन ही बना पाई। मुंबई की ओर से कप्तान हरमनप्रीत ने 51 रनों की शानदार पारी खेली। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड भी मिला।

इस मैच में मुंबई के दिये 163 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात की कोई भी बल्लेबाज मुंबई के गेंदबाजी के सामने टिक नहीं पायी। गुजरात की ओर से हरलीन देओल ने सबसे ज्यादा 22 रन बनाये। उनके अलावा कप्तान स्नेह राणा ने 19 गेंदों में 20 रन बनाए। इन दोनों बल्लेबाजों के अलावा गुजरात का कोई भी बल्लेबाज 20 रनों तक भी नहीं पहुंच पाया। वहीं मुंबई की ओर से नेट साइवर ब्रंट और हेले मैथ्यूज ने 3-3 विकेट लिए। इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई ने हरमनप्रीत के अर्धशतक की सहायता से 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाए थे। सलामी बल्लेबाज हेले मैथ्यूज बिना खाता खोले ही पेवेलियन लौट गयीं। वहीं यास्तिका भाटिया ने पारी की शुरुआत करते हुए 37 गेंदों में 44 रनों की पारी खेली। इसके बाद नेट साइवर ब्रंट ने 31 गेंदों में 36 रन बनाए। अमेलिया केर ने 13 गेंदों में 19 रन बनाए।

## भारत के लियोन नें जीता 38वां चेसऑर्ग फेस्टिवल का खिताब , शीर्ष तीन पर सभी भारतीय



बैड वोरीशोफेन, जर्मनी । भारत के 17 वर्षीय ग्रांड मास्टर लियोन ल्यूक मेन्दोंसा नें 38वां चेसऑर्ग फेस्टिवल बैड वोरीशोफेन 2023 का खिताब जीतकर एक नया इतिहास बना दिया है । इससे पहले कभी यह खिताब किसी भी भारतीय द्वारा नहीं जीता गया था । इससे पहले भारत के परिमार्जन नेगी नें 2006 में इस टूर्नामेंट में चौथा स्थान हासिल किया था । हालांकि 9 राउंड के बाद 7.5 अंक बनाने वाले लियोन अकेले खिलाड़ी नहीं थे भारत के ग्रांड मास्टर विसाख एनआर भी 7.5 अंक बनाने मे कामयाब रहे पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर लियोन विजेता बने जबकि विसाख दूसरे स्थान पर रहे , बड़ी बात यह रही की इस टूर्नामेंट में कभी भी शीर्ष 3 में जगह ना बना पाने वाले भारतीय खिलाड़ी इस बार शीर्ष तीन स्थान पर रहे क्यूंकी 6.5 अंक बनाकर भारत के श्याम पी निखिल सात अन्य खिलाड़ियों को टाईब्रेक में पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर रहे ।

# महिला मुक्केबाजी विश्व चैंपियन: भारत की नजरें स्वदेश में मजबूत प्रदर्शन पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली ~ भारत गुरुवार से यहां शुरू हो रही विश्व चैंपियनशिप में महिला मुक्केबाजी में अपने बढ़ते रुतबे के अनुरूप मजबूत प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगा तो उसे निकहत जरीन और लवलीना बोरगोहेन से काफी उम्मीदे होंगी।

बाएं घुटने की चोट से उबर रहीं छह बार की चैंपियन दिग्गज मुक्केबाज एमसी मेरीकोम की अनुपस्थिति में विश्व चैंपियन निकहत और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना 12 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी। दोनों मुक्केबाज पेरिस ओलंपिक के नजदीक आने के बीच नए वजन वर्गों में अपने पैर जमाने की कोशिश करेंगी।

दुनिया की चौथे नंबर की मुक्केबाज निकहत ने अपना वजन वर्ज 52 किग्रा से घटाकर 50 किग्रा कर लिया है। उन्होंने पिछले साल तुर्की में 52 किग्रा वर्ग में ही खिताब जीता था। दूसरी ओर लवलीना ने 69 किग्रा वेल्टरवेट वर्ग से अपना वजन बढ़ाकर 75 किग्रा मिडिलवेट वर्ग में किया है क्योंकि 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए उनके दोनों पसंदीदा वजन वर्ग को हटा दिया गया है।

निकहत के लिए 50 किग्रा वर्ग में यह दूसरा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा। उन्होंने लाइट फ्लाई वेट वर्ग में राष्ट्रमंडल खेलों का स्वर्ण जीता लेकिन बर्मिंघम खेलों में मुकाबला उतना कड़ा नहीं था। हालांकि यहां ऐसा नहीं होगा। ओलंपिक भार वर्ग होने के कारण निकहत को को पोडियम पर जगह बनाने के लिए कुछ शीर्ष मुक्केबाजों का सामना करना पड़ेगा। विश्व चैंपियनशिप की दो बार की कांस्य पदक विजेता लवलीना ने 75 किग्रा वर्ग में एशियाई चैंपियनशिप जीती थी लेकिन वह अब भी अपने नए भार वर्ग के अनुसार ढल रही हैं।

लवलीना ने कहा, 'मेरे मुक्कों की ताकत में सुधार पर ध्यान दिया जा रहा है क्योंकि मेरे विरोधी 69 किग्रा वर्ग के मुकाबले ज्यादा मजबूत होंगे।% नजरें राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन नीतू घंघास (48 किग्रा) और पिछले सत्र की कांस्य पदक विजेता मनीषा मोन (57 किग्रा) पर भी होंगी। साक्षी चौधरी (52 किग्रा), प्रीति (54 किग्रा), शशि चोपड़ा (63 किग्रा), सनामचा चानू (70 किग्रा) से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।

यह तीसरी बार है जब भारत इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है। लेकिन कई देशों के बहिष्कार, अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के बीच संघर्ष और एक अदालती मामले ने टूर्नामेंट की चमक को कम कर दिया है। रूस के उमर क्रेमलेव की अध्यक्षता में आईबीए ने आईओसी की सिफारिशों के विपरीत रूस और बेलारूस के मुक्केबाजों को अपने स्वयं के ध्वज तले प्रतिस्पर्धा पेश करने की अनुमति दी थी जिसके बाद अमेरिका, ब्रिटेन और आयरलैंड सहित 10 से अधिक देश टूर्नामेंट से हट गए।

इसके अलावा दो विश्व निकायों के बीच चल रहे झगड़े ने बहुत भ्रम पैदा किया है क्योंकि आईओए ने कहा कि वह 2024 पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर का प्रभारी होगा न कि आईबीए जो 2019 से निलंबित है। लेकिन आईबीए ने घोषणा की कि वे क्वालीफिकेशन प्रतियोगिता आयोजित करेंगे और इस साल पुरुषों और महिलाओं की विश्व चैंपियनशिप मुख्य क्वालीफायर होगी।

क्रेमलेव ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि आईओसी क्वालीफाइंग स्पर्धाओं का प्रभारी बना रहेगा और दोनों निकायों को सहयोग और समन्वय करने की आवश्यकता है। हालांकि उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट आईबीए प्रबंधित होने चाहिए। भारतीय राष्ट्रीय चैंपियन मंजू रानी (48 किग्रा), शिक्षा नरवाल (54 किग्रा) और पूनम पूनिया (60 किग्रा) ने भारतीय मुक्केबाज महासंघ (बीएफआई) की नई चयन नीति के तहत विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाने के कारण अदालत का रुख किया जिससे राष्ट्रीय शिविर में एक और विवाद खड़ा हो गया।



नई नीति के तहत मुक्केबाजों का तीन सप्ताह तक विभिन्न मापदंडों के तहत मूल्यांकन किया गया जहां नीतू, प्रीति और जैसमीन लम्बोरिया ने उन्हें पछाड़कर टूर्नामेंट की टीम में जगह बनाई। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अंततः इस मुद्दे में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। चैंपियनशिप के 13वें सत्र में 65 देशों के 300 से अधिक मुक्केबाज हिस्सा लेंगे।

प्रतियोगिता के स्वर्ण विजेता को एक लाख डॉलर की पुरस्कार राशि दी जाएगी जबकि रजत पदक विजेताओं को 50 हजार डॉलर मिलेंगे। दोनों कांस्य पदक विजेताओं को 25-25 हजार डॉलर दिए जाएंगे। भारत ने पिछले टूर्नामेंट में एक स्वर्ण सहित तीन पदक जीते थे। भारतीय टीम स्वदेश में अपने 2006 के प्रदर्शन की बराबरी करने की उम्मीद करेगी जब मुक्केबाजों ने चार स्वर्ण सहित आठ पदक जीते थे।

**टीम इस प्रकार है :** नीतू घंघास (48 किग्रा), निकहत जरीन (50 किग्रा), साक्षी चौधरी (52 किग्रा), प्रीति (54 किग्रा), मनीषा मोन (57 किग्रा), जैसमीन लम्बोरिया (60 किग्रा), शशि चोपड़ा (63 किग्रा), मंजू बम्बोरिया (66 किग्रा), सनामचा चानू (70 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा), स्वीटी बूरा (81 किग्रा) और नुपुर श्योराण (81 किग्रा से अधिक)।

## एकदिवसीय विश्व कप के बाद संन्यास लेंगे मोइन !

लंदन । इंग्लैंड के ऑलरांडर मोइन अली के संन्यास की अटकलें लगायीं जा रही हैं । माना जा रहा है कि मोइन साल 2023 एकदिवसीय विश्व कप के बाद खेल को अलविदा कह सकते हैं । विश्वकप अक्टूबर और नवंबर में भारत में खेला जाएगा । इसका अर्थ है कि मोईन इसी साल तक खेलेंगे । मोईन ने कहा, मैं बहुत सारे लक्ष्य तय नहीं करता पर मैं उस विश्व कप में खेलना चाहता हूं, उस विश्व कप का हिस्सा बनना चाहता हूं और उम्मीद है कि हम विश्व कप जीतेंगे और उसी के बाद संन्यास पर फैसला होगा । उन्होंने साथ ही कहा, मैं यह नहीं कह रहा हूं कि मैं संन्यास ले लूंगा । किसी खिलाड़ी के लिए 35 साल की उम्र के बाद 7 या आठ महीने बहुत होते हैं । यह एक ऐसा समय हो सकता है जहां मैं सोच रहा हूं कि अब मेरा समय हो गया है । इसके साथ ही मैं सोच सकता हूं कि मेरा समय खत्म हो गया है । वहीं संन्यास की योजना पर मोईन ने कहा, मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा है जो समय के साथ ही हो जाना चाहिये । वहीं अगर मैं अच्छा खेल रहा हूं और सभी फ्रेंचाइजी की ओर से क्रिकेट खेल रहा हूं और इंग्लैंड के लिए खेल रहा हूं तो मुझे समझ नहीं आता कि क्यों नहीं संन्यास लिया जाये । आप जितने बड़े होते जाते हैं । 50 ओवर का खेल कठिन होता जाता हैं, क्षेत्ररक्षण करना आसान नहीं होता है और निश्चित रूप से यह समझ में आता है कि मैं ऐसा करूंगा ।



# इस वजह से करिश्मा ने लिया था अपने पति संजय कपूर से तलाक



90 के दशक में अपनी खूबसूरती से लाखों दिलों की धड़काने वाली एक्ट्रेस करिश्मा कपूर ने अब एक्टिंग की दुनिया से भले ही दूरी बना ली हो, लेकिन उनकी पर्सनल लाइफ आज भी काफी लाइमलाइट में रहती है। एक्ट्रेस ने तलाक से पहले अपने एक्स हसबैंड संजय कपूर पर काफी गंभीर आरोप लगाए थे। आपको बता दें कि करिश्मा कपूर ने अभिषेक बच्चन संग सगाई टूटने के बाद संजय के साथ शादी की थी।

**करिश्मा कपूर और संजय का 2016 में हुआ था तलाक**

करिश्मा ने संजय पर उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। वहीं संजय ने भी पलटवार करते हुए करिश्मा और अभिषेक के रिश्ते पर कई इल्जाम लगाए थे। और कहा था कि एक्ट्रेस ने उनसे पैसों के लिए शादी की थी। संजय संग शादी करने से पहले करिश्मा अमिताभ बच्चन के बेटे अभिषेक के साथ शादी करने वाली थी। दोनों के बीच साल 1997 में नजदीकियां बढ़ी थी, जिसके बाद अमिताभ बच्चन ने अपने 60वें बर्थडे जो 2000 में था दोनों की सगाई की घोषणा भी की थी। लेकिन किन्ही कारणों की वजह के यह सगाई टूट गई। इसके बाद करिश्मा ने साल 2003 में बिजनेसमैन संजय कपूर के साथ शादी रचा ली। लेकिन शादी के कुछ समय बाद ही दोनों के बीच आपसी कलह शुरू हो गई। जिसके बाद 2010 में करिश्मा और संजय के रास्ते अलग-अलग हो गए और 2016 में दोनों का कानूनी रूप से तलाक भी हो गया।

**इस वजह से हुए थे अलग**

बता दें कि संजय और प्रिया ने साल 2016 में शादी रचाई थी। करिश्मा से तलाक के पहले ही संजय की जिंदगी में प्रिया सचदेव ने एंट्री मार ली थी। प्रिया भी पहले से शादीशुदा थीं। प्रिया ने पॉपुलर बिजनेसमैन विक्रम चटवाल की से शादी की थी। दोनों की एक बेटी भी है। वहीं करिश्मा और संजय के तलाक की वजह भी प्रिया सचदेव ही थी। जब करिश्मा को इस बात का पता चला कि सजंय, प्रिया के साथ ज्यादा वक्त बिताने लगे हैं तब उन्होंने संजय से दूर होने का फैसला ले लिया। करिश्मा अब मुंबई में अपने बेटे और बेटी के साथ रहती हैं। वहीं संजय अपनी पत्नी प्रिया के साथ दिल्ली में रहते हैं।

## जब शराब के नशे में अमिताभ से मिलने पहुंच गए थे कपिल शर्मा

कॉमेडी किंग कपिल शर्मा जल्द ही फिल्म ज्विगाटो में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में कपिल का एकदम सीरियस अवतार देखने को मिलने वाला है। कपिल शर्मा इन दिनों अपनी फिल्म के प्रमोशन में बिजी है। हाल ही में कपिल शर्मा एक न्यूज शो आप की अदालत में पहुंचे। शो में उन्होंने कई सवालों के जवाब दिए और कई मजेदार खुलासे भी किए। कपिल शर्मा ने यह भी बताया कि एक बार वो शराब पीकर अमिताभ बच्चन के घर पहुंच गए थे। अमिताभ बच्चन के घर जाने का किस्सा साझा करते हुए कपिल शर्मा ने कहा, जब उनकी फिल्म फिरंगी रिलीज होने वाली थी शराब के नशे में वह पत्नी गिन्नी चतरथ के साथ अमिताभ बच्चन के घर पहुंच गए थे। अमिताभ बच्चन फिल्म के लिए वॉयसओवर कर रहे थे। कपिल शर्मा को नशे में देखकर अमिताभ बच्चन के स्टाफ ने उन्हें अंदर जाने से रोका, लेकिन कपिल जिद करने लगे। कपिल, अमिताभ बच्चन से मिलने में कामयाब रहे। उन्होंने पत्नी गिन्नी चतरथ को उनकी बहू के रूप में पेश किया। अमिताभ बच्चन इससे काफी शॉक्ड रह गए थे, क्योंकि वह गिन्नी को नहीं जानते थे और ना ही पहले कभी उनसे मिले थे। कपिल शर्मा ने बताया कि उन्हें ड्रिंकिंग का प्रॉब्लम कभी नहीं था, उन्हें एंग्जाइटी का इश्यू हो गया था जिसकी वजह से उन्हें लगता था कि वह किसी के सामने जाकर अपनी बात नहीं रख पाएंगे। इसलिए जब वह उस दिन अमिताभ से मिलने गए तो उन्होंने ड्रिंक कर ली।




# सनी का यूएस टूर का शेड्यूल तैयार



एक्ट्रेस सनी लियोन अमेरिका टूर पर है। उनके शेड्यूल के मुताबिक, सनी 17 और 18 मार्च को ह्यूस्टन में और 19 मार्च को शिकागो में पब्लिक अपीयरेंस देंगी। वेन्यू पहले से ही बुक हो चुके हैं, आयोजक कुछ और शहरों को जोड़ने पर विचार कर रहे हैं। टूर के बारे में बात करते हुए सनी ने कहा, अमेरिका में रहना मेरे लिए हमेशा खुशी की बात रही है। टूर पर मुझे अलग-अलग तरह के लोगों से बातचीत करने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा, अमेरिका में भी अलग-अलग कल्चर है, मुझे अलग-अलग क्षेत्रों के लोगों से मिलने का मौका मिलता है। वे मुझ पर जिस तरह का प्यार बरसाते हैं, उसे देखकर अच्छा लगता है। यह मुझे खुशी देता है, यह मुझे और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करता है। रियलिटी शो बिग बॉस के सीजन 5 में आने के बाद भारत में फिल्मी सफर शुरू करने वाली सनी हेट स्टोरी 2, शूटआउट एट वडाला और रईस जैसी फिल्मों में अपने डांस और काम के लिए जानी जाती हैं




## परफॉर्मेंस के दौरान अचानक स्टेज पर गिर पड़े रैपर कोस्टा मौके पर तोड़ा दम

आजकल अचानक हो रही युवाओं की मौतों ने लोगों के बीच खौफ का माहौल पैदा कर रखा है। पता नहीं कब कौन इस दुनिया से अलविदा कह जाए, कोई पता नहीं चलता। मनोरंजन जगत से भी अब तक कई स्टार्स हार्ट अटैक के चलते दुनिया को अलविदा कह गए। कोई बीच परफॉर्म करता हुआ दम तोड़ गया तो कई वर्कआउट के दौरान अलविदा कह गया। हाल ही में फिर से एक बुरी खबर सामने आई है। दक्षिण अफ्रीका के रैपर और म्यूजिशियन कोस्टा टिच जोहान्सबर्ग में एक संगीत समारोह में प्रस्तुति देने के दौरान मौत हो गई। कोस्टा टिच के यूं दुनिया से चले जाने की खबर से हर कोई स्तब्ध है। ये घटना शनिवार की है जब 27 साल के कोस्टा टिच जोहान्सबर्ग में हुए अल्ट्रा म्यूजिक फेस्टिवल के दौरान परफॉर्म कर रहे थे। इसी दौरान वह अचानक वह स्टेज पर गिरे पड़े और उनकी मौत हो गई। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें देखा जा सकता है कि कैसे कोस्टा टिच परफॉर्म करते हुए स्टेज पर ही गिर जाते हैं। गिरने के बाद वह खुद को संभालते हैं, कुछ ही देर बाद फिर बेहोश होकर गिर जाते हैं। लोग उनकी तरफ तेजी से भागते हैं। कोस्टा अब इस दुनिया में नहीं रहे, इस बात पर लोगों को यकीन करना मुश्किल हो रहा है। निधन की अब तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। कोस्टा के निधन से फैंस और सेलेब्स को झटका लगा है और वे सोशल मीडिया के जरिए अपनी संवेदना व्यक्त कर रहे हैं।



## सिंगर हनी सिंह ने सफाई कर्मी के स्टेज पर किया कुछ ऐसा

फेमस रैपर और सिंगर हनी सिंह किसी पहचान के मोहताज नहीं है। लंबे समय से गायब हनी सिंह ने एक बार फिर अपने गानों के साथ वापसी की है। इस बार हनी सिंह 3.0 रूप में दिखाए देने वाले हैं। वहीं, वापसी के बाद से ही फिर से रैपर का क्रेज ऑडियंस के सिर चढ़ कर बोल रहा है। इस बीच उनका ये वीडियो सामने आया है, जो खूब वायरल हो रहा है। हाल ही में हनी सिंह ने लाइव कॉन्सर्ट में परफोर्म किया। इस दौरान उन्होंने सफाई कर्मी के साथ कुछ ऐसा किया जिसकी हर तरफ तारीफ हो रही है। दरअसल, वायरल वीडियो में हनी सिंह एक सफाई कर्मी लड़के साथ स्टेज पर डांस करते नजर आ रहे है। इस दौरान लड़के ने हाथ में झाड़ू भी पकड़ रखी है। वहीं, हनी सिंह के फोर्स करने पर लड़का झाड़ूको फेक देता है और यो यो के साथ जमकर डांस करने लगता है। हनी सिंह के इस वीडियो को देखने को बाद लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे है। वहीं, आलम ये है कि सफाई कर्मी के साथ स्टेज पर यो यो का ये शानदार डांस तेजी से वायरल हो रहा है। यूजर्स जमकर इस पर कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- हनी सिंह म्यूजिक इंडस्ट्री के असली किंग है। एक अन्य यूजर ने लिखा- वाकई ये एक शानदार नजारा रहा, ये एनर्जी और वाइब कमाल है।



# फिर से कैंसिल हुआ अक्षय कुमार का शो

एक्टर अक्षय कुमार पिछले कुछ दिनों से अमेरिका में स्टेज शोज कर रहे हैं। उनके साथ इस टूर पर नोरा फतेही और दिशा पाटनी भी हैं। इस बीच अब अमेरिका के ऑकलैंड में उनका शो कैंसिल कर दिया गया है। फिर से कैंसिल हुआ अक्षय कुमार का शो, अमेरिका में नोरा-दिशा के साथ कर रहे थे टूर अक्षय कुमार इस वक्त 'द एटंरटेनर्स टूर' पर हैं। उनके साथ मौनी रॉय, नोरा फतेही, दिशा पाटनी और सोनम बाजवा हैं। पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर अक्षय और उनके साथ एक्ट्रेसेस का कोई ना कोई वीडियो वायरल हो रहा है। कभी अक्षय और नोरा धूम मचा रहे हैं तो कभी दिशा पाटनी के साथ स्टंट करते दिखे। इस बीच अमेरिका के ऑकलैंड में जहां वो आखिरी परफॉर्मेंस करने वाले थे वह शो कैंसिल हो गया है। इससे पहले भी अक्षय का एक शो कैंसिल करना पड़ा था। हालांकि दोनों की वजहें अलग-अलग हैं।

**इस वजह से कैंसिल करना पड़ा शो**

अक्षय और उनके साथ के एक्टर्स पिछले कुछ दिनों से अमेरिका के टूर पर हैं। वह स्टेज पर परफॉर्मेंस से दर्शकों का मनोरंजन करते दिखे। अमेरिका के ऑकलैंड में

अचानक बाढ़ और भूस्खलन की वजह से यह फैसला लिया गया। इलाके में खराब मौसम के चलते शनिवार को कई चेतावनियां जारी की गई थीं। हिमस्खलन और तूफान को देखते हुए सड़कों को बंद कर दिया गया है। मौके से कई लोगों को निकाला गया है।

**पहले भी हुआ था कैंसिल**

'द एंटरटेनर्स टूर' का इससे पहले न्यू जर्सी में शो कैंसिल कर दिया गया था। वहां अलग वजह थी। कॉन्सर्ट के प्रमोटर अमित जेटली ने बताया था कि टिकटों की कम बिक्री के चलते ऐसा किया गया है। वहीं दूसरी तरफ टूर से जुड़े एक सूत्र ने उनके दावे का खंडन किया। सूत्र ने कहा कि प्रमोटर ने पैसों का भुगतान नहीं किया था जिसकी वजह से कार्यक्रम रद्द कर दिया गया।

**पैसों के भुगतान नहीं करने की बात आई थी सामने**

सूत्र ने कहा, 'द एंटरटेनर्स टूर का न्यू जर्सी में होने वाला शो दुर्भाग्यवश कैंसिल कर दिया गया है क्योंकि लोकल प्रमोटर अमित जेटली नेशनल प्रमोटर को पैसे नहीं दे पाए। वहां पर भारतीयों की एक बड़ी आबादी रहती है जिसकी वजह से उत्साहित थे लेकिन अमित जेटली के भुगतान नहीं करने की वजह से इसे रद्द कर दिया गया।'



# पहली बार ऑस्कर्स में प्रिजेंटर बनीं दीपिका

दीपिका पादुकोण ने बैक टू बैक अपनी कई तस्वीरें शेयर कीं जिनमें वह इस ब्लैक गाउन में नजर आईं। दीपिका पादुकोण ने अपने बालों का बन बनाया हुआ है। बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण फिर एक बार विश्व स्तर पर भारत का सिर गर्व से ऊंचा कर रही हैं। दीपिका पादुकोण ने सोमवार सुबह ऑस्कर 2023 से अपना लुक शेयर किया। एक्ट्रेस ब्लैक कलर के बेहद खूबसूरत गाउन में नजर आईं। दीपिका पादुकोण ने बैक टू बैक अपनी कई तस्वीरें शेयर कीं जिनमें वह इस ब्लैक गाउन में नजर आईं। दीपिका पादुकोण ने अपने बालों का बन बनाया हुआ है और इस ऑफ शोल्डर गाउन के साथ उन्होंने एक बेहद खूबसूरत नेकलेस पहना। बता दें कि यह पहली बार है जब दीपिका पादुकोण ऑस्कर्स के रेड कार्पेट पर वॉक कर रही हैं और वहां प्रिजेंटर की भूमिका निभा रही हैं। दीपिका पादुकोण के अलावा भारत से एसएस राजामौली और स्टार कास्ट भी मौजूद रही।

# लोकतंत्र में साहित्यकारों का योगदान विषयक संगोष्ठी का आयोजन बेरल हाल में किया गया

**सर्वहित भारत**
**राजू चौधरी**

**बुलंदशहर/जिला** कृषि, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी, बुलंदशहर महोत्सव के बैरन हॉल में आज लोकतंत्र में साहित्यकारों का योगदान विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें समाज के प्रसिद्ध साहित्यकार, रचनाकार, कवि, लेखक और गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की

कार्यक्रम संयोजक कवि राजेश कुमार गोयल ने बताया कि गोष्ठी में हितेश कुमारी पूर्व सिंचाई मंत्री मुख्य अतिथि रही और कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष दीपू गर्ग ने की




गोष्ठी में साहित्यकार जगतपाल सिंह, रामवीर सिंह, तेजपाल सिंह, कवियत्री कविता कौशल आदि ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र में साहित्यकारों का अहम योगदान है सामाजिक राजनीतिक रूप में उनका योगदान परिलक्षित होता है लेखकों कवियों पत्रकारों साहित्यकारों ने लोकतंत्र को जीवंत बनाने का कार्य किया है लोकतंत्र के चारों स्तंभों में साहित्य का भी अहम योगदान है लोकतंत्र को जीवंत बनाए रखने के लिए साहित्यकारों ने अपनी रचना एवं कृतियों के माध्यम से आम जनमानस को जागरूक किया है। इस मौके पर साहित्यकार हरि अंगिरा, व्यापार मंडल के जिला संरक्षक अभिषेक अग्रवाल, जिला संगठन मंत्री गौरव गुप्ता, कार्यालय प्रमुख राजेश कुमार, मार्गदर्शक कमल माहेश्वरी, पत्रकार प्रांतीय मंत्री मनोज गुप्ता, पंकज सिरोही, राजीव कुमार, आदि गोष्ठी में सम्मिलित हुए।

# यूपी में एनिमल रेस्क्यू सिस्टम संबंधी नेशनल रेफरेंडम में अमन करेंगे बागपत का प्रतिनिधित्व।

**शासन के समन्वय से प्रदेश के समस्त जनपदों में एनिमल रेस्क्यू सिस्टम लागू करने के प्रयास।**




**सर्वहित भारत**

**बागपत।** वर्ष 2003 से पशुओं के बचाव एवं सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर कार्य कर रही संस्था एनिमल राहत ने उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र में एनिमल रेस्क्यू सिस्टम की आवश्यकता पर जोर दिया जिसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर जनमत संग्रह के माध्यम से लोगों की राय ली जा रही है। बुधवार को जनपद के गांव ट्यौढी निवासी 20 वर्षीय अमन को एनिमल राहत के सीओओ ने पत्र लिखकर इस संबंध में उनकी राय मांगी और एनिमल राहत संस्था से जुड़ने का आमंत्रण दिया।

अमन ने बताया कि राष्ट्रीय जनमत संग्रह के माध्यम से प्राप्त डेटा के आधार पर शासन के साथ समन्वय कर उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों में एनिमल रेस्क्यू सिस्टम लागू करने के प्रयास किए जाएंगे जिसके अंतर्गत विविध स्थितियों में बेजुबान जानवरों की सामायिक मदद की जायेगी। पूर्व में बागपत के होनहार अमन से पेटा इंडिया की निदेशक ने एनिमल टेस्टिंग के संबंध में राय ली थी।

अमन नेहरू युवा केन्द्र से सम्बद्ध उड़ान युवा मंडल के सक्रिय स्वयंसेवक के रूप में युवा सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा एवं साक्षरता, स्वच्छता, योग एवं खेलकूद, इंटरनेट मीडिया जैसे विषयों पर केंद्रित होकर सामाजिक उत्थान के प्रयास कर रहे है और विभिन्न संस्थाओं के साथ कार्य कर सामाजिक बदलाव एवं जनपद का गौरव बढ़ाने के लिए समर्पित है। उनके प्रयासों को इंडियन अचीवर्स फोरम ऑफ एक्सीलेंस रिकॉर्ड सहित विभिन्न संस्थाओं ने सराहा है।



**सर्वहित भारत**

**बॉलीवुड के मशहूर गीतकार जावेद अख्तर ने एक बार फिर पाकिस्तान को खरी-खोटी सुनाई है. जावेद अख्तर ने कहा है कि उर्दू किसी और जगह से नहीं आई है. यह हमारी अपनी भाषा है. उर्दू पाकिस्तान या मिस्र की नहीं है, यह 'हिंदुस्तान' की है. पाकिस्तान भी भारत से विभाजन के बाद अस्तित्व में आया, पहले यह केवल भारत का हिस्सा थी**

# कपड़े के शोरूम में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम देने वाला फरार आरोपी नगदी के साथ गिरफ्तार

**सर्वहित भारत**
**संवाददाता हरदीप चौहान**



**चांदपुर।** कपड़े के शोरूम में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने 12 दिन बाद पकड़कर चोरी का खुलासा किया है। चोर ने छत के रास्ते शोरूम में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था जिसका सीसीटीवी कैमरे में फुटेज कैद हो गया था। पुलिस ने चोर को पकड़ कर घटना का खुलासा किया है। पुलिस ने चोर के कब्जे से नकद रूपए भी बरामद किए हैं। घटना 28 फरवरी की रात की है। कपड़ा शोरूम के मालिक ने 50 से 60 हजार रूपए की चोरी का आरोप लगाया था। गिरफ्तार चोर पर पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। चांदपुर थाना क्षेत्र में चांदपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक चोर को पकड़ कर चोरी की घटना का खुलासा किया है पुलिस ने चोर के कब्जे से 21850 रुपए भी बरामद करने का दावा किया है चोर पर चांदपुर कस्बे के ढाली बाजार स्थिति कपड़े के शोरूम से चोरी करने का आरोप है । अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया था जिसने मुखबिर की सूचना पर अजीम पुत्र याकूब निवासी ग्राम रसूलपुर नंगला को 21850 रुपए के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस चोर को पकड़ कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई है। 28 फरवरी की रात को चांदपुर कस्बे के ढाली बाजार स्थित नारायणदास राम किशन दास कपड़ों के शोरूम में एक चोर छत की ममटी की जाली तोड़कर छत के रास्ते शोरूम में घुस गया था और उसने शोरूम के गले से रखे नगद रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया था चोर का शोरूम में घुसते हुए सीसीटीवी कैमरे में फुटेज भी कैद हो गया था शोरूम मालिक द्वारा पुलिस की को चोरी की सूचना दी गई थी और सीसीटीवी कैमरे का फुटेज भी जारी किया गया था।

# लखनऊ में आयोजित 33 वीं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में चांदपुर की छात्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर जीता सिल्वर मेडल



**सर्वहित भारत**
**संवाददाता हरदीप चौहान**

**चांदपुर।** राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीत कर छात्रा ने जनपद का नाम रोशन किया है। सिल्वर मेडल जीतने वाली छात्रा मनु चांदपुर तहसील के सविलियन विद्यालय घंसूरपुर की कक्षा 8 की छात्रा है। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों सहित स्कूल स्टाफ व छात्र छात्राओं ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। मनु ने लखनऊ में आयोजित 33वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चक्का फेंक में दूसरा स्थान प्राप्त किया।तहसील चांदपुर के ब्लॉक जलीलपुर क्षेत्र के संविलियन विद्यालय घंसूरपुर की मनु ने लखनऊ में आयोजित 33 वीं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। बता दें कि मनु गांव घंसूरपुर स्थित कक्षा 8 की होनहार छात्रा है पढ़ाई के साथ-साथ उसकी खेल में भी बहुत अच्छी रूचि है गत दिनों ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में भी मनु टॉप टेन रही थी । मनु को खेल में भी बहुत अच्छी रूचि है सबसे अधिक रुचि है उसकी चक्का फेंक में है। ब्लॉक स्तरीय, जनपद स्तरीय व मंडल स्तरीय चैंपियनशिप जीतकर 13 मार्च 2023 को मनु ने राज्य पर होने वाली क्रीड़ा प्रतियोगिता में भाग लिया तथा चक्का फेंक में दित्तीय स्थान प्राप्त कर गांव विघालय सहित जनपद ही नहीं मंडल मुरादाबाद का नाम भी रोशन किया है। लखनऊ से गांव घंसूरपुर अपने घर पहुंची मनु का जोरदार स्वागत किया गया। गांव के लोग बड़ी संख्या में गांव के बाहर उसके स्वागत में फूल माला लिए खड़े थे। गांव पहुंचने पर उसका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।इस मौके पर विद्यालय के इंचार्ज अध्यक्ष मोहम्मद अजहर , ग्राम प्रधान नीतु रानी सहित विघालय स्टाफ विक्की कुमार, कौशल कुमार, गिरीश कुमार ,क्षितिज मलिक, सतवीर सिंह, संजय कुमार, रविंद्र कुमार, भारती राणा, प्रियंका तोमर, उमेश कुमार तथा विद्यालय के छात्र-छात्राएं तथा गांव के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे मनु ने अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने गुरुजनों तथा अपने पिता को दिया ।

## ग्राम हसनपुर लुहारी के जंगल मे तीन मार्च को फोटो ग्राफर से हुई लूट की घटना में शामिल बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद घायल आरोपी को गिरफ्तार किया आरोपी के कब्जे से एक तमंचा दो जिंदा व एक खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ

पुलिस अधीक्षक अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे चोरी,लूट की घटनाओं के अनावरण एवं ऐसी वारदातों में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल पर्यवेक्षण में थानाभवन पुलिस द्वारा ग्राम हसनपुर लुहारी के जंगल में फोटोग्राफर से लूट की घटना करने में शामिल बदमाश से मसावी- कुतुबगढ मार्ग नहर पटरी पर हुई मुठभेड़ में पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई फायरिंग में एक बदमाश को घायल अवस्था मे गिरफ्तार किया गया है घायल बदमाश को उपचार हेतु सीएचसी थानाभवन में भर्ती कराया गया बदमाश के कब्जे से एक तमंचा मय दो जिन्दा एक खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है गिरफ्तार लूटेरे के एक साथी शेरु राव अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहा थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार शर्मा ने बताया कि पकड़े गए बदमाश का नाम नफीस पुत्र इदरीश निवासी सोंता रसूलपुर का है इस पर गैंगस्टर एक्ट सहित तीन मुकदमे आदर्शमण्डी थाने में दर्ज है।तथा तीन मुकदमे थानाभवन थाने में दर्ज है

विदित रहे कि है कि विगत तीन मार्च को थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम हसनपुर लुहारी रजवाहा पटरी से रजनीश सैनी फोटोग्राफर से अज्ञात बदमाशों द्वारा उसका मोबाइल फोन व कैमरा लूट की घटना की गई थी, जिसके संबंध में पीडित द्वारा थाना थानाभवन पर अज्ञात लूटेरों के विरुद्ध लिखित तहरीर दी गई थी तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया था सोमवार देर रात्रि पुलिस ने आबिद पुत्र बासी निवासी सोंता रसूलपुर को मसावी तिराहे से गिरफ्तार कर लिया गया था और जेल भेज दिया था दो साथी फरार होने में सफल हो गए थे।आबिद के पास से पुलिस ने कैमरा व मोबाइल व एक बैग बरामद कर लिया था।तभी से पुलिस दोनों आरोपियों का सघनता से पकड़ने का प्रयास कर रही थी

थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तीसरे फरार बदमाश को भी जल्द ही पकड़ लिया जाएगा तीनो आरोपियो ने वर्ष 2017 मे अपने ही गाँव के पप्पू व मोबिन को बन्धक बना कर एक लाख रुपये की फिरौती मांगी उस मुकदमे मे तीनो जेल गये थे



**सर्वहित भारत**

**भारतीय जनता पार्टी सरूरपुर खुर्द मंडल की बूथ सशक्तिकरण एवं प्रबंधन बैठक का आयोजन नन्दी फार्म हाउस भूनी में किया गया जिसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय मंत्री इंद्रपाल बजरंगी ने की संचालन जिला मंत्री मुकेश शास्त्री ने किया एवं सरल ऐप से सभी पदाधिकारी को अवगत कराया गया जिला भाजपा द्वारा भारतीय मतदाता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आदेश फौजी को विस्तारक के रूप नियुक्त किया गया एवं अन्य पदाधिकारीयों को भी विस्तारक के नियुक्त किया बैठक में मंडल अध्यक्ष पवन शर्मा महामंत्री प्रदीप शर्मा डाक्टर राकेश गिरी, देवेन्द्र प्रजापति , कृष्णपाल फुगाट, अनिल दबथुवा , सुमित बाल्मीकि, योगेश गोस्वामी, लक्की सैनी आदि मौजूद रहे।**

# चेकिंग के नाम पर रिश्वतखोरी 60 हजार लेते लाइनमैन कैमरे में हुआ कैद वीडियो वायरल

**लाइनमैन बोला वायरल वीडियो पुरानी है शादी में लिए उधार लिए रुपए लौटा रहा था वीडियो बनाकर कर दी वायरल रिश्वत लेने का इल्जाम निराधार है,**

**सर्वहित भारत**

हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के गांव मखदुमपुर में विगत दिनों एक संविदा लाइनमैन के घर पर घरेलू कनेक्शन पर आटा चक्की चलती मिलने पर विद्युत विभाग के अफसरों ने कार्यवाही करते हुए उक्त लाइनमैन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराते हुए नौकरी से बर्खास्त कर दिया था जबकि इस मामले में दूसरे लाइनमैन पर 60 हजार रुपए रिश्वत लेने की वीडियो वायरल हो रही है। इस मामले में हस्तिनापुर संवाददाता ने जानकारी देते हुए बताया कि बिजली चोरी पकडे जाने के बाद लाइनमैन गौरव कुमार पुत्र ज्ञान सिंह ने अपनी सफाई में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह हस्तिनापुर सब स्टेशन पर बतौर लाइनमैन संविदाकर्मी के पद पर कार्यरत है। विभाग द्वारा दिनांक 16/02/2023 की प्रार्थी के ग्राम मकदूमपुर में प्रार्थी के पिता ज्ञान सिंह के घर जाकर चैकिंग की गयी. और जेई ने पता नहीं किस कारण से एफ.आई.आर. प्रार्थी के नाम से दर्ज करा दी जबकि प्रार्थी अपने घरवालों से अलग हस्तिनापुर में किराए पर रहता है उसका अपने परिवार में कोई हस्तक्षेप नहीं है। प्रार्थी के कियायानामा, राशन कार्ड, ग्राम प्रधान के प्रमाण पत्र एवं परिवार रजिस्टर विभाग द्वारा मेरे विरूद्ध विद्युत चोरी के सम्बन्ध में गलत एफ.आई.आर. दर्ज कराई गयी है। वही जेई बिजली घर हस्तिनापुर बिजेंद्र कुमार ने बताया कि 16 फरवरी को मखदुमपुर में गौरव पुत्र ज्ञान सिंह के यहां छापा मारा गया जिसमें दो चक्की वह घर की लाइन चलती पाई गई थी जीसका 16 फरवरी को मुकदमा पंजीकृत करा दिया था और जुमार्ने की रकम 4 .67 हजार रकम बनती है गौरव लाइनमैन को बिजली चोरी पकडे जाने के कारण कंपनी को लेटर भेज दिया गया था कंपनी ने गौरव को नौकरी से हटा दिया है गौरव संविदा पर लाइनमैन के पद पर तैनात था रिश्वत का मामला है ये दोनों लाइनमैन का आपस का लेनदेन का मामला है उस वीडियो में और भी लाइनमैन बैठे हैं ये इनका आपस का मामला है इस बारे में अभी कोई हस्तक्षेप नहीं करना चाहते। वहीं दूसरी ओर लाइनमैन बब्बू ने बताया गौरव कुमार पुत्र ज्ञान सिंह लाइनमैन के पद पर कार्यरत था चोरी में पकड़े जाने पर उच्च अधिकारियों ने नौकरी से हटा दिया है मेरे ऊपर जो 60 हजार रुपए इल्जाम लगा रहे हैं वह निराधार है गौरव ने उसे शादी में 10 हजार रुपए उधार लिए थे जो ये वीडियो में देते दिखाई दे रहे हैं और विभाग के और भी साथी मेरे साथ में मौजूद हैं वीडियो को दूसरा रूप देकर परोसा जा रहा है रिश्वत लेने का इल्जाम बिल्कुल निराधार है।



हिंदी दैनिक समाचार पत्र विज्ञापन रेट
50×33 सेंटीमीटर बराबर
1650 स्क्वायर सेंटीमीटर
1650×25=41250
बैक पेज रेट
हिंदी साप्ताहिक समाचार पत्र
50×33 सेंटीमीटर बराबर
1650×15=24750
स्क्वायर सेंटीमीटर बैक पेज रेट
प्रथम पेज का विज्ञापन जस्ट बेक पेज के डबल है
मध्यम पेज का विज्ञापन बैक की पेज के विज्ञापन का आधा है
जानकारी के लिए नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें 9837558066 82797 84237